

देश में मानसिक स्वास्थ्य... 7


www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 112 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर सोमवार 13 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




किसानों की खुशहाली... 11

### इंदिरा गांधी को लेकर कांग्रेस नेता चिदंबरम का बड़ा बयान

# ऑपरेशन ब्लूस्टार एक गलती थी जिसकी कीमत जान देकर चुकाई

नई दिल्ली (स्वतंत्र मत)

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि स्वर्ण मंदिर को वापस पाने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार का तरीका गलत था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब 'दे विल शूट यू मैडम' पर चर्चा के दौरान चिदंबरम ने कहा कि जून 1984 में भारतीय सेना ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को निकालने के लिए एक ऑपरेशन चलाया था। इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार कहा जाता है। इस ऑपरेशन के बाद इंदिरा गांधी की उनके ही सिख सुरक्षाकर्मियों ने हत्या कर दी थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता चिदंबरम ने कहा कि मैं किसी भी फौजी अफसर का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का यह गलत तरीका था। कुछ साल बाद हमने सही तरीका दिखाया, सेना को बाहर रखकर। ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं मानता हूं कि उन्होंने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर भारतीय जनता पार्टी तो चिदंबरम पर हमला बोल ही रही है। दूसरी ओर कांग्रेस भी इस बयान को लेकर चिदंबरम पर हमलावर है। उन्होंने आगे कहा कि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। यह सेना, पुलिस, गुप्तचर विभाग और सिविल सेवा का मिलाजुला फैसला था। उन्होंने कहा कि इसका दोष केवल श्रीमती गांधी पर नहीं मढ़ा जा सकता। क्या आप ऐसा



करेंगे? आज के पंजाब की स्थिति के बारे में बात करते हुए चिदंबरम ने कहा कि खालिस्तान की मांग लगभग खत्म हो गई। अब पंजाब की असली समस्या आर्थिक परेशानी है।

### देर से मान रहे भूल : रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चिदंबरम पर तीखा हमला बोला है। रिजिजू ने याद दिलाया कि चिदंबरम ने पहले खुलासा किया था कि मुंबई आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई नहीं कर सका। इसकी वजह अमेरिका और दूसरी विदेशी शक्तियों का दबाव था। अब चिदंबरम ने स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार को भी गलत बताया है। रिजिजू ने कहा कि यह सब बहुत देर से हो रहा है। सोशल मीडिया एक्स पर रिजिजू ने लिखा, चिदंबरम जी बहुत देर से कांग्रेस की भूलों को मान रहे हैं! पहले उन्होंने बताया कि मुंबई में पाकिस्तानी आतंकी हमलों का जवाब भारत अमेरिका और विदेशी शक्तियों के दबाव की वजह से नहीं दे सका। अब उन्होंने माना है कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार भी गलत था।

### कांग्रेस भी चिदंबरम पर हमलावर

कांग्रेस नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य राशिद अल्वी ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है। लेकिन 50 साल बाद चिदंबरम जी को कांग्रेस पार्टी और इंदिरा गांधी पर हमला करने की क्या जरूरत पड़ी? उन्हें कौन सी बात मजबूर कर रही है? राशिद बोले– चिदंबरम बिल्कुल वैसी ही बात कर रहे हैं जैसी बीजेपी और प्रधानमंत्री करते हैं। ये बेहद दुखद बात है। राशिद ने शंका जताते हुए कहा, चिदंबरम के खिलाफ अभी भी कोर्ट में केस चल रहे हैं। इसलिए कहीं उन पर कोई दबाव तो नहीं है कि वे कांग्रेस पर हमला करते रहें?

# मध्यप्रदेश ने अपने कई अनमोल चिरागों को खोया : राजेन्द्र शुक्ल

### कफ सिरप निर्माताओं की सघन जांच करने के निर्देश, दोषियों पर होगी कठोर कार्यवाही

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल में खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्यवस्था की वृहद समीक्षा की। उन्होंने छिंदवाड़ा की दुखद घटना पर की जा रही कार्रवाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु शासन एवं प्रशासन से सतत संपर्क में रहकर दोषियों सख्त कार्यवाही चिन्हांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है जिसमें मध्यप्रदेश ने अपने अनमोल चिरागों को खोया है। इस घटना में लिप्त निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ-साथ ऐसे अधिकारी जिन्होंने जांच में कोताही बरती है, उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि घटना में तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक त्रुटियों को स्पष्ट करते हुए संबंधित अधिकारियों की भूमिका का स्पष्ट चिन्हांकन कर तमिलनाडु शासन को पत्राचार कर अवगत कराया जाए।



उन्होंने कहा कि इस मामले में कठोर कार्यवाही नितांत आवश्यक है जिससे दोषियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हो। साथ ही अन्य ड्रग मैन्युफैक्चरर सजग हों और नियमों का पालन सुनिश्चित हो। उप मुख्यमंत्री ने व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर सीडीएससीओ के साथ संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश के कफ सिरप निर्माताओं की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने डायथाइलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल के परीक्षण को इंडियन फार्माकोपिया के जनरल मोनोग्राफ में शामिल कर लिया है, जिससे दवा निर्माण में इन रसायनों की अनिवार्य जांच सुनिश्चित होगी। कोडीन आधारित औषधियों की बिक्री पर नियंत्रण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सी एंड एफ एजेंसी से होलसेलर को अधिकतम 1000 बॉटल्स और होलसेलर से रिटेलर को अधिकतम 50 बॉटल्स प्रति माह से अधिक बिक्री की सूचना औषधि निरीक्षक को देना अनिवार्य होगा। साथ ही, कोडीन युक्त दवाओं की बिक्री केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही की जा सकेगी।

#### कार्यवाही की दैनिक मॉनिटरिंग हो

उन्होंने कहा कि औषधियों की गुणवत्ता, विक्रय व्यवस्था और कोडीन आधारित दवाओं के दुरुपयोग के नियंत्रण के लिए नियमों का सख्त पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन की संयुक्त जांच में कोल्ड्रिफ सिरप, रिलाइफ सिरप और रिस्पीफ्रेश टीआर सिरप की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है। इन उत्पादों की बिक्री, स्टॉक और जब्ती संबंधी कार्यवाही की दैनिक मॉनिटरिंग करें।

#### प्रयोगशालाओं का होगा उन्नयन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि राज्य में औषधि निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ड्रग मॉनिटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन योजना के मसौदे को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। इस योजना में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर स्थित राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं का उन्नयन और सभी प्रयोगशालाओं में माइक्रोबायोलॉजी व स्टरलिटी लैब स्थापित की जाएंगी। प्रयोगशालाओं में अत्याधुनिक उपकरण जैसे एचपीएलसी, जीएलसी, जीसीएमएसएम, एलसीएमएस, आईआर, यूवी, डिसॉलूशन टेस्टर और डिज़िंटीग्रेशन टेस्टर लगाए जाएंगे।

#### दवा विक्रेताओं को निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शेड्यूल औषधियों की बिक्री केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही की जाए। बिना फार्मासिस्ट के बिक्री पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करें। सभी दवा विक्रेता बिक्री रजिस्टर में चिकित्सक का नाम, पर्चे की तिथि, रोगी का विवरण और अन्य प्रावधानों का पालन करें। उन्होंने कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना, दुरुपयोग पर रोक लगाना और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

### रामनगरी में बनेगा देश का पहला रामायण आधारित मोम संग्रहालय



**अयोध्या।** रामायण आधारित देश का पहला मोम संग्रहालय रामनगरी में तैयार हो गया है। दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से म्यूजियम का लोकार्पण कराने की तैयारी है। सीएम के कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करना है। दीपोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 19 अक्टूबर को है। केरल की सुनील वैक्स म्यूजियम कंपनी ने इसे तैयार किया है। करीब 10 करोड़ की वैक्स म्यूजियम में संपूर्ण निवेश कंपनी का है जबकि म्यूजियम पर नगर निगम का स्वामित्व होगा।

### इंडिगो पर लगा 40 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कलिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई।

### 2.82 करोड़ के सोने के बिस्किट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित होरंदिपुर सीमा चौकी पर एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने एक भारतीय तस्कर को 2.82 करोड़ रुपए कीमत के सोने के बिस्किट के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### बोइंग-787 के रैम एयर टर्बाइन की दोबारा जांच के निर्देश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने रविवार को एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि जिन बोइंग 787 विमानों में हाल ही में पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल बदला गया है, उन सभी विमानों के रैम एयर टर्बाइन की स्टोवेज (फिटिंग और कंडीशन) की दोबारा जांच की जाए। ये निर्देश एअर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में हाल में हुई तकनीकी घटनाओं और फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के एअर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की पर आया है।



### छिंदवाड़ा सिरप कांड

## परिजनों ने कमलनाथ को रोते-बिलखते बताया दर्द

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ रविवार को जहरीले कफ सिरप कांड के पीड़ित परिवारों से मिलने परासिया पहुंचे। उन्होंने कहा, पूरी घटना सरकार की लापरवाही का नतीजा है। सरकार ने प्रतिबंधित दवाई खरीदी। कफ सिरप में जहरीला तेल मिला था। इस मामले में अन्य डॉक्टरों पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। परिजन को रोते हुए देखकर कमलनाथ भी भावुक हो गए। देरी से आने पर उन्होंने कहा कि मुझमें आप लोगों का सामना करने की हिम्मत नहीं थी, इसलिए पहले जीतू पटवारी और उमंग सिंघार को भेजा था। यहां भीड़ नहीं लगवाना चाहता था। मैं इस दुख को सहन नहीं कर पा रहा था। मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं। कमलनाथ और नकुलनाथ ने रविवार सुबह उत्सव मैरिज लॉन में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सबसे पहले मृत बच्चों की तस्वीरों पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई परिजन अपने बच्चों की मौत का दर्द बताते हुए रो पड़े। मृतक अदनान के परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान बच्चों को काफी तकलीफ झेलनी पड़ी थी, यह सुनते ही वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे। मुआवजे के सवाल पर कमलनाथ ने कहा, हमने सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की थी। छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू मेरे आने पर सवाल उठा रहे हैं। अगर उन्हें सच में पीड़ितों का दर्द समझ में आता है, तो वे खुद प्रदेश सरकार से बात करके 50 लाख रुपए दिलवाएं।

## 101-101 सीटों पर लड़ेंगी जदयू और बीजेपी

### चिराग को 29, मांझी और कुशवाहा को 6-6 सीटें

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर लंबे खींचतान के बाद आखिरकार एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीट बंटवारे के तहत इस बार जदयू और बीजेपी को बराबर सीटें मिली हैं। इस बात की जानकारी बीजेपी नेता धर्मेंद्र प्रधान और जदयू नेता संजय झा ने




सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी। सीट बंटवारे के तहत इस बार बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू भी 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 6 सीटें दी गई हैं। सीट शेयरिंग के बाद एनडीए ने सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है।

## लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने देना चाहिए

### दुर्गापुर गैंगरेप केस पर बोलीं सीएम ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर गैंगरेप केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है लेकिन दो आरोपी अभी भी फरार हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेहद बेतुका बयान दिया है। ममता बनर्जी ने कहा है कि लड़कियों को रात में बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि इस मामले में उनकी सरकार को



घसीटना सही नहीं है क्योंकि लड़की की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज की थी। बनर्जी ने कहा कि विशेष रूप से बच्चियों को रात के समय बाहर जाने नहीं देना चाहिए। उन्हें भी खुद की सुरक्षा करनी चाहिए। ममता ने इस घटना को शॉकिंग बताते हुए कहा कि इस घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह के अपराध को लेकर हमारी जीरो टॉरलेंस पॉलिसी है। तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है और पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

## अफगानी सेना के ऑपरेशन में 58 पाकिस्तानी सैनिक ढेर



**काबुल।** पाकिस्तान अफगानिस्तान बॉर्डर पर इन दिनों कोहराम मचा हुआ है। अफगानिस्तान सेना की तरफ से हुई स्ट्राइक में पाकिस्तान सेना के 58 सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं 30 से ज्यादा सैनिक जख्मी हैं। बेहरामपुर जिले में हुई इस कार्रवाई के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को एक चेतावनी दी है। तालिबान ने कहा है कि हर हमले का जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान पर आईएसआईएस आतंकियों की पनाहगाह बनने का भी आरोप लगाया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर आईएसआईएस की मौजूदगी पर आंखें बंद कर ली हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के पास पूरा अधिकार है कि वह अपने हवाई और जमीनी सीमाओं की सुरक्षा करे। हमारी जमीन पर हुए हर हमले का करारा जवाब दिया जाएगा।

### आरटीआई की 20वीं सालगिरह पर कांग्रेस नेताओं का आरोप

## मोदी सरकार ने कानून को किया कमजोर

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस ने कहा है कि 20 साल पहले इसी दिन डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने शासन में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून लागू किया,लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे कमजोर करने का काम किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने सचाई छिपाने और अपनी कमजोरी जनता के सामने नहीं आने देने के लिए सूचना का अधिकार कानून को सोची समझी रणनीति के तहत कमजोर किया। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार ने इस काम के लिए कानून में संशोधन तक कर डाला। दरअसल उनको डर था कि जनता से किए वादों की पोल खुल न जाए इसलिए सरकार ने कानून ही बदल दिया। कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आरटीआई का मकसद था कि शासन-प्रशासन को जो जानकारी है वह जनता को भी मिले, लेकिन मोदी सरकार इस कानून को खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभालने के चार महीने में ही योजना आयोग खत्म कर दिया और अब उनकी योजना आरटीआई को खत्म



करने की है। उनका कहना था कि सूचना आयुक्तों के पदों पर भर्ती नहीं हो रही है और इसमें जानबूझकर देर की जाती है ताकि अवैध कार्यों की जानकारी किसी को न मिल सके। सरकार आरटीआई को खत्म कर रही है ताकि उसकी कोई आलोचना न कर सके। श्री रमेश ने कहा बीस साल पहले 2005 में आरटीआई लागू हुआ। इस कानून की आज 20वीं सालगिरह है। यह कानून कांग्रेस ने लागू किया लेकिन आज इसकी हकीकत बदल गई है। मोदी सरकार ने जुलाई 2019 में इस कानून में बदलाव कर दिए। इनका मकसद कानूनी अधिकारों को कमज़ोर करना और केंद्रीय सूचना आयोग की शक्तियों को कम करना था। संसद की स्थाई समिति के सुझावों को मोदी सरकार ने नजरअंदाज कर दिया।

#### बिहार में पारदर्शिता पर खतरा

कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय दुबे और प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने पटना में कहा कि आरटीआई कानून 2005 में मनमोहन सिंह सरकार में लागू किया गया था। जिसका मकसद भारत के नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम देना था। इस कानून ने आम जनता को सरकारी तंत्र से जवाब मांगने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की ताकत दी। दोनों नेता रविवार को सदाकत आश्रम में प्रेस से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में 25,101 से अधिक अपीलें और शिकायतें लंबित हैं। आयोग ने 11,807 अपीलें और शिकायतें वापस की, जबकि उसी अवधि में 10,548 ही दर्ज हुई थी। एक अपील या शिकायत को निपटाने में औसतन पांच वर्ष का समय लग रहा है। स्पष्ट है कि बिहार सरकार ने आरटीआई को पंगु बना दिया है। पारदर्शिता अब सत्ता के डर से दबी हुई है।

विकास के नाम पर लूट

# बिना बेस लेयर और बिना प्लास्टिक बिछाए बनी सड़क का भुगतान भी बिना जीएसटी के बिल में

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

एक ओर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए ग्राम पंचायतों को पांचवां राज्य वित्त आयोग से करोड़ों रुपए की राशि उपलब्ध करा रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार अधिकारी ही इन योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं।

दरअसल ताजा मामला जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचरिंगपुर का है, जहां पंचायत द्वारा 2 लाख 29 हजार रुपए की लागत से 60 मीटर सीसी सड़क का निर्माण मोहगांव में ललन के घर से मल्लू के घर तक कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में सरपंच और सचिव द्वारा तय तकनीकी मापदंडों की पूरी तरह अनदेखी की गई। सड़क बिना बेस लेयर, बिना प्लास्टिक शीट, और मिट्टी युक्त गिट्टी और रेत से बनाई गई है। इससे सड़क की मजबूती और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यह सड़क कुछ महीनों में ही जर्जर हो जाएगी।






### बिना जीएसटी बिल के किया गया लाखों का भुगतान

बता दें कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की खरीद में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं।

सरपंच और सचिव द्वारा अपने चहेते सप्लायर को लाभ पहुंचाने के लिए बिना जीएसटी वाले साधारण कागज़ के बिलों पर लगभग 1 लाख 78 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। जबकि पंचायत को पांचवें वित्त आयोग की गाइडलाइन के तहत सही बिल, जीएसटी रसीद, सामग्री का विवरण, मात्रा और मूल्य के आधार पर भुगतान करना चाहिए था। बिना जीएसटी बिल और मानक दस्तावेजों के भुगतान करना वित्तीय नियमों का उल्लंघन है, जो भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है।

अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और जनपद अधिकारी इस गंभीर मामले पर क्या कदम उठाते हैं और क्या वाकई विकास निधि का दुरुपयोग रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से मामला मेरे संज्ञान में आया है , जांच कराई जाएगी।

**दिव्यांशु चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी।**

जिलाध्यक्ष ओमकार मरकाम ने किया परंपरा में बदलाव

# कार्यकर्ताओं का खुद किया तिलक स्वागत

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ओमकार मरकाम को डिंडौरी जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके प्रथम अमरपुर ब्लॉक आगमन पर कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत के साथ हुई। इसके बाद जिला अध्यक्ष ओमकार मरकाम ने परंपरा में बदलाव करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और कहा कि अब नेताओं का स्वागत कार्यकर्ता नहीं, बल्कि नेता स्वयं अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' के नारे गूंजे और इस नारे को लेकर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की गई। मरकाम ने ब्लॉक अध्यक्ष को मंडलम, सेक्टर एवं पोलिंग बूथ कमेटियों के गठन के लिए फॉर्म सौंपे और शीघ्र संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव भी दिए। इसी



दौरान भानपुर से पहुंचे एडवोकेट झलकन यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

इस अवसर पर अशोक पड़वार (पूर्व जिलाध्यक्ष), तोक सिंह मरावी (ब्लॉक प्रभारी), शकील अहमद (उपाध्यक्ष), शाहिद तुर्क (संगठन मंत्री), संदीप शाह परस्ते, अरविंद साण्डया, प्रतिमा साण्डया (महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष), मल्ली बाई उईके (पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष), देव सिंह भारती (अध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ई-एचआरएमएस मोबाइल ऐप से शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति अब ई-एचआरएमएस मोबाइल ऐप के माध्यम से अनिवार्य कर दी गई है। इस व्यवस्था को जिले के सभी 89 विकासखंडों में लागू कर दिया गया है। जिसके बाद अब शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर ही वेतन जनरेट किया जाएगा। इस नई प्रणाली के बाद विभागीय स्तर पर संभागायुक्त, सहायक आयुक्त और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। हालांकि, कई ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होने से शिक्षकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहीं पर मोबाइल नेटवर्क बिल्कुल नहीं है, तो कहीं आंशिक रूप से काम कर रहा है, जिससे चेक-इन और चेक-आउट करने में कठिनाई हो रही है। वहीं इस समस्या को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने मीडिया से कहा कि यह व्यवस्था तभी प्रभावी होगी जब इसे पूरी तैयारी के साथ लागू किया जाए। ऐप में ऐसी सुविधा होनी चाहिए कि बिना नेटवर्क के भी उपस्थिति दर्ज हो सके और नेटवर्क आने पर उसी समय की उपस्थिति मान्य की जाए। उन्होंने कहा कि बिना तकनीकी तैयारी के लागू की गई इस ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली से शिक्षकों को अनावश्यक मानसिक दबाव और परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**बिना नेटवर्क क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी, संगठन ने की सुधार की मांग**

# जनपद पंचायतों में एक बार फिर प्रशासनिक प्रभारों में फेरबदल, कलेक्टर ने जारी किया नया आदेश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिला कलेक्टर कार्यालय डिंडौरी द्वारा शनिवार 11 अक्टूबर 2025 को नया आदेश जारी किया गया जिसमें जनपद पंचायतों के प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रभारों में आंशिक संशोधन किया गया है यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के तहत पूर्व आदेश क्रमांक 6357 दिनांक 29 सितंबर 2025 में संशोधन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर परिवीक्षाधीन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



### जारी आदेश के मुताबिक

नए आदेश के अनुसार जनपद पंचायत शहपुरा का प्रशासनिक प्रभार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऐश्वर्य वर्मा को और वित्तीय प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा को सौंपा गया है। वहीं जनपद पंचायत मेंहदवानी और डिंडौरी का प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रभार दोनों ही प्रमोद कुमार ओझा को दिया गया है। अमरपुर और समनापुर जनपद पंचायत का प्रशासनिक और वित्तीय प्रभार लोकेश नारनोरे को सौंपा गया है। करंजिया जनपद का प्रशासनिक प्रभार डिप्टी कलेक्टर परिवीक्षाधीन अक्षय डिगरसे को और वित्तीय प्रभार लोकेश नारनोरे को दिया गया है जबकि बजाग जनपद पंचायत का प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रभार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामबाबू देवांगन को सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा और आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर, जिला डिंडौरी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह प्रभार व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों की सुचारुता और योजनाओं के प्रभावी संचालन के उद्देश्य किया गया है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संभाल रहे क्लर्क और शाखा इंचार्ज के पद

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले के शिक्षा विभाग और परियोजना कार्यालयों में कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थिति यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जिन्हें माली, अग्निशमन कर्मचारी, चपरासी या अनुकंपा नियुक्ति चपरासी के रूप में पदस्थ किया गया था, अब क्लर्क, कैशियर, अकाउंटेंट और शाखा इंचार्ज जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह गड़बड़ी सिर्फ एक-दो कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के सभी सात ब्लॉकों में ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा उदाहरण बीईओ (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) और परियोजना कार्यालय अमरपुर का है, जहां एक चपरासी लंबे समय से क्लर्क का कार्य देख रहा है।

जानकारी के मुताबिक, लिपिकों की कमी के चलते सातों ब्लॉकों में 56 कर्मचारियों को अनुबंध आधार पर नियुक्त किया गया था, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत सहायक, क्लर्क या कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर हैं। परंतु निगरानी के अभाव में कई कर्मचारी अपनी मूल नियुक्ति से हटकर अन्य पदों पर काम कर रहे हैं। कार्यालयों में इन कर्मचारियों की उपस्थिति अनियमित रहती है, और कई बार वे बिना अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं। इसके बावजूद उनके नाम से वेतन निर्माण और भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि उच्च अधिकारियों की अनदेखी और निगरानी तंत्र की कमजोरी के कारण यह व्यवस्था वर्षों से चल रही है। अब हालत यह हो गई है कि ये कर्मचारी स्वयं को स्थायी रूप से इन पदों का अधिकारी मानने लगे हैं। जनचर्चा है कि यदि प्रशासन ने इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो विभागीय व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

अमलाई ओपन कास्ट में हुआ बड़ा हादसा, लापरवाही और हत्या के लगे आरोप

# आरकेटीसी कंपनी के मिट्टी फिलिंग के दौरान डोजरडंफर सहित ड्राइवर दलदल में समाहित

### एसईसीएल सोहागपुर की लापरवाही लगातार जारी

बुढार।

शहडोल जिले में लगातार मजदूरों की मौत हो रही है और प्रशासन कार्यवाही के बजाय कंपनियों को बचाने के फिराक में रहती है हाल ही में सीवर लाइन में दो मजदूरों की मौत अभी ठंडी भी नही हुई थी अमलाई ओपन कास्ट खुली खदान में कल शाम डोजर मशीन और ड्राइवर सहित दोनों दलदल में समा गए, इस घटना से पूरे क्षेत्र में अपरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया है, मजदूरों ने कंपनी पर सुरक्षा इंतजाम न करने के आरोप लगाए है , इस दौरान कम्पनी प्रबंधन अपने आप को बचाते हुए नजर आई।

**घटना का संक्षिप्त** – शहडोल जिले के कोयला खदान एसईसीएल सोहागपुर ओसीएम में छत्तीसगढ़ की कंपनी आर.के.टी.सी के द्वारा ओबी हटाने का कार्य किया जा रहा है अभी हाल ही में बारिश अत्यधिक होने के कारण मिट्टी नरम पड़ गई थी लेकिन कंपनी ने अपना टारगेट पूरा करने





के चक्कर में लगातार मजदूरों से कार्य करा रही थी इसी दौरान डोजर के चालक अनिल कुशवाहा मिट्टी डम्प कर रहे थे तभी अचानक बारिश के अत्यधिक प्रभाव से मिट्टी नरम पड़ गई और डोजर एवं वाहन चालक अनिल कुशवाहा सहित दलदल में डूब गए जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल निर्मित हो गया। अभी भी 30 घंटे बीत चुके हैं लेकिन वाहन चालक की रेस्क्यू नहीं हो पाई है। मौके पर तमाम मजदूर एवं ठेका कंपनी कर्मी मौजूद है।

**आरकेटीसी कंपनी के सुरक्षा इंतजाम पर उठे सवाल** – छत्तीसगढ़ की यह जानी-मानी प्रतिष्ठित कंपनी आर के टी सी ने कोयला खदान से ओबी उठाने का ठेका लगभग 400 करोड रुपए में लिया है लेकिन सुरक्षा के इंतजाम की बात करे तो एक हेलमेट तक मजदूरों को नसीब नहीं मिल पाती है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस डोजर को अनिल कुशवाहा चला रहे थे वह जर्जर हालत में थी और उसके गेट एवं सीट बेल्ट कार्य नहीं कर रहे थे सूत्र यह भी बता रहे हैं कि डायरी में मेंटेनेंस के लिए अनिल कुशवाहा के द्वारा सुपरवाइजर को अवगत कराया गया था। लेकिन टारगेट की अधिकता बात कर ड्राइवर को मजबूर करके गाड़ी चलाने भेजा गया वही जब मीडिया की टीम ने सुरक्षा के विषयों पर पूछताछ की तो पता चला कि आरकेटीसी कंपनी के द्वारा गोलमोल जवाब दिया गया जबकि सुरक्षा के लिए एक अच्छी खासी मोटी रकम कंपनी के द्वारा प्रदान की जाती है इसके बावजूद भी सुरक्षा के मानक इस्तेमाल किया जा रहे हैं इससे कंपनी सहित कालरी कर्मचारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

मौके पर जैतपुर एसडीएम अमृता गर्ग मौजूद रही और उन्होंने घटना के बारे में जानने का प्रयास किया एवं उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए

**एम थॉमसन आरकेटीसी कंपनी** – थॉमसन ने बताया की पानी निकालने के लिए पंप लगाने की तैयारी की जा रही थी और काफी समय से गाड़ियां चल रही थी ऐसा कोई अनुमान नहीं था की मिट्टी नरम है सुपरवाइजर में भी इस घटना की पूर्व जगह का जायजा लिया था गाड़ियां बराबर चल रही थी सुबह से गाड़ियां चल रही थी यदि कोई घटना होना होता तो सुबह ही हो जाती।

**परिजन मनोज कुशवाहा चचेरा भाई** – मनोज कुशवाहा ने मीडिया के माध्यम से शासन से अपील की है कि कंपनी की लापरवाही से मेरे भाई की मौत हुई है कंपनी पर हत्या का प्रकरण दर्ज हो और परिवार को उचित कम्पनसेशन दिया जाए।

काँग्रेस जिलाध्यक्ष ने अमलाई ओसीएम में

# पीड़ित ड्राइवर के परिजनों को स्थाई नौकरी व एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की

**शहडोल।** जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने रविवार को अमलाई ओसीएम पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया,जहां सुरक्षा नियमों को ताक पर रखते हुए कार्य कराए जाने के कारण अमलाई ओसीएम मे डंपर एवं डोजर लगभग 40 मीटर गहराई मे डूब गए, जिसमे डंफर का ड्राइवर अनिल कुशवाहा भी डूब गया जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य का जायजा लेकर डूबने वाले ड्राइवर के परिजनों से मुलाकात किए एवं कालरी प्रबंधन से एक करोण रुपए मुआवजा व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी की मांग किए। इस दौरान शहडोल जिलाध्यक्ष के साथ अनूपपुर जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान भी साथ रहे।

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी को वहां उपस्थित स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए कहा कि, ड्राइवर अनिल अपने वाहन के साथ खदान क्षेत्र में कार्य कर रहा था, तभी



अचानक खदान के भीतर भरे हुए पानी में वाहन समेत धंस गया। घटना इतनी भयावह थी कि भारी मशक्कत के बाद ही शव को बाहर नही निकाला जा सका है।

स्थानीय कर्मचारियों और मजदूरों ने इस हादसे के लिए कालरी प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि खदान में जलभराव की स्थिति लंबे समय से बनी हुई थी, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। समय पर निकासी व्यवस्था और चेतावनी संकेत न होने के कारण यह दर्दनाक घटना घटी।हादसे के बाद मजदूरों में भारी आक्रोश है। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने नवलपुर मे मोहन पनिका के पुत्र 14 वर्षीय अंश पनिका के सोन नदी मे डूबने पर घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढाढस दिया व बचाव कार्य का जायजा लिए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, अनूपपुर जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान, वरिष्ठ कांग्रेसी मुबारक मास्टर, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, बुढ़ार ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा, खैरहा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, मोहम्मद आजाद, इंद्र कुमार मिश्रा, मोहम्मद साबिर, हर्ष पाठक, जवाहर राव आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।



# कलेक्टर और एसपी ने अमलाई ओपन कास्ट माइंस घटनास्थल का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने शहडोल जिले के एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत अमलाई ओपन कास्ट माइंस के घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ टीम द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि ऑपरेटर की रिकवरी प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत एवं बचाव कार्य निरंतर जारी है।

# बिना फार्मासिस्ट चल रहे मेडिकल स्टोर, जांच की दरकार

### सीएमएचओ आफिस के अधिकारी कर्मचारी की अवैध रूप से वसूली जारी

**ब्योहारी।** प्रदेशभर में मेंडिकल स्टोरों के संचालन को लेकर मध्यप्रदेश फार्मेसी काउसिल ने सख्त रुख अपनाया है। काउसिल ने साफ निर्देश जारी किए है कि अब किसी भी मेंडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बिना फार्मासिस्ट दवा बेचने वालों पर तीन महीने की सजा और लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। लेकिन ब्योहारी मे हकीकत इन आदेशों के ठीक उलट दिखाई देती है। यहां की जमीनी स्थिति यह बताती है कि ब्योहारी नगरीय क्षेत्र से लेकर गांवों तक, बडी संख्या में मेडिकल स्टोर बिना फार्मसिस्ट, बिना निरक्षण और बिना नियंत्रण के चल रहे है।

**फार्मेसी काऊंसिल के निर्देशो की उड़ रही धज्जियाँ** – फार्मेसी काऊंसिल ऑफ़ इण्डिया और राज्य फार्मेसी काऊंसिल द्वारा सभी जिलों को भेजे गए नोटिस मे स्पष्ट कहा गया है कि बिना पंजीकृत फार्मसिस्ट के मेडिकल स्टोर चलना गैरकानूनी है बिना चिकित्सक की प्रिस्क्रिप्शन पर दवा की बिक्री प्रतिबंधित है। किसी भी गैर प्रमणित ब्यक्ति द्वरा दवा वितरण या बिक्री कानून का उलंघन्न माना जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर तीन माह की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा के साथ लाइसेंस निरस्त किया जाएगा किन्तु इन निर्देशों के बावजूद ब्योहारी में फार्मेसी कानून की खूले आम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। यंहा की स्थति बेहद चिंताजनक है सूत्र बताते हैं कि ड्रग इस्पेक्टर महीनो से फील्ड में नहीं दिखाई देते और निरीक्षण केवल फाइलों में दिखाया जाता है। यही हाल खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों का भी है। कई मेडिकल स्टोर एक ही फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर चल रहे हैं। दवा दुकानों में फार्मासिस्ट का नाम बोर्ड पर नहीं लिखा होता है, लेकिन उसके नाम पर दूसरा कोई ब्यक्ति दवा बेचता रहता है। यदि जांच हुई तो ब्योहारी सहित ग्रामीण क्षेत्रो में मिलाकर लगभग दर्जनों मेडिकल स्टोर बिना किसी लाइसेंसधारी फार्मासिस्ट के संचालित किया जाना और बिना चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर दवा की बिक्री किया जाना मिल सकता है । इन अधिकांश दुकानों पर नशीली दवाएं और



नियंत्रित सिरप खुलेआम बेचा जा रहा है। फार्मासिस्ट एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने भी इस पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि जो लोग ईमानदारी से अपनी डिग्री और सेवा दे रहे हैं उन्हे भी इस गोरख धंधे के कारण बदनामी झेलनी पड़ रही है। जब तक फार्मेसी सेक्टर में सख्त निगरानी नहीं होगी, तब तक ऐसे धंधे पर रोक लगाना मुश्किल है। इस पूरे मामले में शासन स्तर से पारदर्शी कार्यवाही की मांग की जा रही है। सामजिक संगठनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से अपील की है कि एक वेशेष जांच दल गठित कर ब्योहारी के सभी मेडिकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट की वास्तविक उपस्थिति और दस्तावेजों की सख्त जांच की जाए। अवैध मेडिकल स्टोर तुरंत बंद किए जाएं।

**बिन पर्ची हो रही है अवैध दावओ की बिक्री** – ब्योहारी में बिना डॉक्टर के पर्चे के मेंडिकल संचालक दवाओं का खुलेआम विक्रय कर रहे हैं। गर्भपात की किटें बेखौफ होकर बेच रहे मेंडिकल स्टोर संचालकों का इस तथ्य से कोई लेना देना नहीं है कि उनकी दुकान पर किट खरीदने वाला ग्राहक नाबालिग है और ना ही मेडिकल स्टोर संचालकों को इसकी कोई परवाह है कि जो प्रेगनेंट महिला इस किट का उपयोग करेगी। यदि उसे अधिक रक्तस्त्राव हुआ या अन्य कोई इमरजेंसी जैसी स्थिति बनी तो दाव पर लगी दो जिंदगियों का जिम्मेदर कौन होगा ?

# इंजीनियरों पर भड़के निगमायुक्त सुबह–सुबह लगा दी क्लास

## सफाई, सड़क और पानी व्यवस्था में कोताही न बरतने की दी हिदायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शनिवार की सुबह वर्कशॉप विभाग का औचक निरीक्षण किया। सुबह 8 बजे पहुंचे निगमायुक्त ने अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थित में बैठक ली और जमकर फटकार लगाई। निगमायुक्त ने कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। यदि कोई गाड़ी बिगड़ती है तो वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल बनाई जाए। साथ ही उन्होंने गाड़ियों के



रखरखाव, डीजल वितरण और मॉनिटरिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की।

**शहर को स्वच्छ बनाने सभी की भागीदारी जरूरी** –उन्होंने गारंटी पीरियड में आने वाली सभी सड़कों के सुधार कार्य का भी निरीक्षण किया और इंजीनियरों को निर्देश दिया कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत उन्हीं ठेकेदारों से कराई जाए जिन्होंने सड़कें बनाई हैं। निगमायुक्त अहिरवार ने कहा कि सफाई, सड़क, पानी और प्रकाश व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी इंजीनियर अपने–अपने कार्यों की सीधी जिम्मेदारी लें और मौके पर रहकर सुधार कार्य करवाएं। समीक्षा बैठक के बाद निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ श्रमदान किया और नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जबलपुर को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी है ।

# मुख्य टिकट निरीक्षक की सूझबूझ से ट्रेन में पकड़े गए गांजा तस्कर

### कटनी मुड़वारा स्टेशन का मामला, 2 महिलाओं सहित 3 गिरफ्तार



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कटनी मुड़वारा स्टेशन पर गत दिवस रेलवे में मुख्य टिकट निरीक्षक प्रदीप कुमार दुबे जो अपनी ड्यूटी पर कार्यरत थे। प्रदीप कुमार दुबे ने अपनी ड्यूटी के दौरान ट्रेन संख्या 18236 में गांजा तस्कर कर रहे एक व्यक्ति सहित दो महिलाओं को पड़कर दमोह स्टेशन पर आरपीएफ के सुपुर्द किया।

इनका यह एक सराहनीय कार्य रहा और अपनी ड्यूटी के प्रति सजगता की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दरअसल ट्रेन कटनी मुड़वारा स्टेशन पर रुकी तत्पश्चात जब एक यात्री ने मुख्य टिकट निरीक्षक को सूचित किया कि कुछ संदिग्ध महिलाएं ट्रेन में है।

### गांजा किया बरामद

निरीक्षक ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांजा तस्कर कर रही एक पुरूष एवं दो महिलाओं को डिटेन किया और जांचने पर गांजा सामग्री बरामद की। गांजा तस्करी करने वाले व्यक्ति की पहचान सोहित सेन के रूप में हुई है, जबकि दो महिलाओं की पहचान स्नेहलता और अनीता के रूप में हुई है। रेलवे की इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। रेलवे प्रशासन ने मुख्य टिकट निरीक्षक प्रदीप कुमार दुबे की इस बहादुरी और तत्परता की सराहना की है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे अपनी यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे कर्मचारी या रेलवे सुरक्षा बल को दें।

# वेदव्यास पं. अनिल कुमार शास्त्री का जबलपुर आगमन आज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

88 हजार ऋषियों तपोस्थली एवं सतयुग की पावन भूमि नैमिषारण्य के वेदव्यास पं अनिल कुमार शास्त्री का जबलपुर में प्रथम आगमन हो रहा है। यहां श्री शास्त्री 14 अक्टूबर को डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी की शोधपरक कृति–नैमिषारण्य तीर्थ के गौरव को समर्पित के विमोचन समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगें । डॉ पुरूषोत्तम तिवारी ने बताया कि 025 सत्ययुग की पावन भूमि नैमिषारण्य, जहां 88,000 ऋषियों ने कलियुग के छाया से परे तपस्या की थी, और ब्रह्माजी के मनोमय चक्र की नेमि यहीं विश्राम पाई थी। यह तीर्थ, जो विष्णु पुराण और मार्कण्डेय पुराण में वर्णित है, महर्षि दधीचि की अस्थियों से इंद्र का वज्र बना और महर्षि वेदव्यास ने यहीं चार वेद, छह शास्त्र एवं अठारह पुराणों की रचना की। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसे तीर्थ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिद्धि दाता कहकर अमर कर दिया। यहां 33 कोटि देवी–देवताओं का वास है, पितरों के तर्पण का सर्वोत्तम स्थान, और चार धाम यात्रा के बिना अधूरी मानी जाने वाली यात्रा का प्रारंभिक द्वार ।

# वन जीव तस्करों को वन विभाग ने दबोचा

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

वन विभाग ने रविवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए सिहोरा के खितौला थाना क्षेत्र अंतर्गत हरगढ़ क्षेत्र के घुघरा से वन जीवों की हत्या कर दफनाने की सूचना मिलने पर कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि

टीम द्वारा घुघरा में कुछ व्यक्तियों को वन जीवों के साथ पकड़ा गया है। सिहोरा, कुंडम, पनागर वन विभाग की टीम वृहत रूप में सर्चिंग की जा रहाी है। इस मामले में रेंजर वन विभाग वन परिक्षेत्र सिहोरा आकाशपुरी गोस्वामी ने बताया कि उक्त मामले पर अभी कार्यवाही जारी है।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नवम गुरु श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के 350 वें बलिदान वर्ष पर सब सबको जाने सब सबको माने के मूल मन्त्र को लेकर समरसता सेवा संगठन ने सिख सेवा जत्था जबलपुर के सहयोग से विचार गोष्ठी का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी अखिलश्वरानन्द गिरी की अध्यक्षता, पूर्व जस्टिस एचपी सिंह के मुख्य आतिथ्य, सिख संगत के अंतर्राष्ट्रीय प्रचारक सरदार गुरमीत सिंह के सारस्वत आतिथ्य, सरदार गजेंद्र सिंह बग्गा, सिख सेवा जत्था के अध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह आदि की उपस्थिति में समन्वय सेवा केंद्र आध शंकराचार्य चौक में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सारस्वत अतिथि सरदार गुरमीत सिंह ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा गुरु तेग




बहादुर जी की शहादत को दुनिया में माना जाता हैं.

अपने धर्म के लिए शहीद हो जाना अपने आप में बड़ी बात हैं और दूसरे धर्म के लिए न सिर्फ अपना बलिदान देना बल्कि अपने परिवार का उत्सर्ग कर देना यह शहादत की मिशाल है। गुरी तेग बहादुर गुरु गद्दी पर आसीन होने वाले नवम गुरु थे, दुनिया में धार्मिक और मानवीय सिद्धांतो के लिए जितनी भी शहादतें हुई है उसमे गुरु तेग बहादुर के शहादत बेमिशाल है। उन्होंने कहा हम जिनका शहीदी पर्व मना रहे है ऐसे गुरु तेग बहादुर जिन्होने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणो का उत्सर्ग किया उन्हें हिन्द की चादर कहा गया क्योंकि उन्होने मुगलो के अधीन होकर धर्म बदलने की बजाय धर्म की रक्षा करते हुये अपने तीन सिख भाइयो के साथ यह कहकर बलिदान दिया कि कायर रोज मरता है, सच्चा और वीर अमर हो जाता है,। और गुरु तेग बहादुर सिंह आज अमर है और इसीलिए तो आज हम उनको याद कर रहे है।

उन्होंने कहा शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान हर व्यक्ति को होना चाहिए और हमारे गुरु तेग बहादुर जिन्होने शास्त्र का ज्ञान लोगो में दिया, धर्म का प्रचाए किया, वही मुगलो के खिलाफ सिर्फ 13 वर्ष कि आयु में शस्त्र उठाकर युद्ध किया। कार्यक्रम में डॉ मनिंदर कौर (संगीत शिक्षक माता गुजरी महाविद्यालय) के मार्गदर्शन में गुरुमत मिशन के बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्र म में शरदचंद्र पालन, इंद्रमोहन भाटिया, अभिमन्यु जैन, अमरजीत सिंह धनजल, दविंद्र सिंह ग्रोवर, तलविंदर सिंह सिंह ओबेरॉय, रामिंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# शराब के लिए रूपए न देने पर घोंपा चाकू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अधारताल थाने में सुधीर कोल उम्र 27 वर्ष निवासी पटैल नगर महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह मजदूरी करता है।

बीती रात वह पैदल काम करके घर जा रहा था। जैसे ही मिश्रा डेयरी की बाजू वाली गली में पहुंचा तभी लकी गोटिया अपनी मोटरसाइकिल से उसके सामाने बाइक रोककर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर गाल एवं जांघ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# कहीं रसगुल्लों में मिले कीड़े तो कहीं खोवा में चलते दिखे कॉकरोच

### दिवाली से पहले कई दुकानों पर खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने जिला प्रशासन द्वारा गठित गरूड़ दलों की कार्यवाही रविवार को भी जारी रही। गरूड़ दलों द्वारा खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठांनों से खोवा के चार, दुग्धड उत्पादों के पांच एवं अन्य खाद्य पदार्थों के दो नमूने परीक्षण हेतु लिये गये। इसके साथ ही एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण पैकेट बंद नमकीन, सलोनीए लड्डू तथा दूषित पाये जाने पर खोवा, कलाकंद एवं दूध और दही का विनिष्टिकरण भी कराया गया तथा दुकानदारों पर जुर्माना रोपित किया गया। एसडीएम रांझी मोनिका



बाघमारे के नेतृत्वं में गठित गरूड़ दल द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित शंकर स्वींट्स एवं रामजी यादव डेयरी एंड स्वीट्स तथा रांझी बाजार स्थित न्यू नरेन्द्र डेयरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामजी यादव डेयरी एवं स्वीट्स से खोया का नमूना तथा शंकर स्वीट्स से घी और खोया का नमूना परीक्षण हेतु लिया गया। शंकर स्वीट्स से एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण नमकीन के 9 पैकेट, सलोनी के 84 पैकेट, राजगीर के लड्डू के 32 पैकेट एवं चिप्स के 53 पैकेट के विनिष्टिकरण की कार्यवाही भी की गई तथा 6 हजार 350 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार न्यूग नरेन्द्र डेयरी से भी पनीर, घी तथा दूध के नमूने लिये गये और एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण अनमोल बूंदी के 82 पैकेट का विनिष्टिकरण कराया गया एवं 820 रूपये का जुर्माना रोपित किया गया। न्यू नरेन्द्र डेयरी के भंडार ग्रहण को खाद्य पदार्थों का परीस्थितियों में संग्रहण पाये जाने पर सील कर दिया गया है। तहसीलदार अधारताल द्वारा

### कई लीटर दूध-दही किया नष्ट

अधारताल स्थित विशन स्वीट्स एवं कृष्णा मिल्क डेयरी तथा विजय नगर स्थित श्री कृष्णा डेयरी का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार नीलू बाघरी के नेतृत्वय में किये गये इस निरीक्षण में विशन स्वीट्स से खोवा एवं छेना के रसगुल्ले के नमूने लिये गये तथा कॉकरोच से दूषित पाये जाने पर 2 क्विंटल खोवा एवं कलाकंद का विनिष्टिकरण कराया गया। इसी प्रकार कृष्णा मिल्क डेयरी से खोवा एवं पनीर के नमूने लिये गये तथा मक्खी पाई जाने पर 100 लीटर दूध एवं 10 किलोग्राम दही विनिष्टि कराया गया। निरीक्षण की कार्यवाही में श्री कृष्ण डेयरी से खोवा का नमूना लिया गया।

### विशन स्वीट्स का लायसेंस निर्लंबित

खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने गरूड़ दल द्वारा रविवार को की गई निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान अधारताल स्थित विशन स्वीट्स में दूषित खोवा तथा रसगुल्ला में कीट पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन अभिहित अधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा इस प्रतिष्ठान का लायसेंस निलंबित कर दिया गया है तथा लायसेंस निलंबन की अवधि में खाद्य कारोबार के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दवा विक्रेता से मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में सुनील डेहरिया उम्र 36 वर्ष निवासी मुजावर मोहल्ला गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ग्राम घाना में पानी की टंकी के पस चूड़ी बिंदी एवं आयुर्वेदिक दवा की दुकान चलाता है । शाम को बिज्जू और प्रकाश बर्मन का घर में विवाद हुआ था जिनको उसने समझाया था और उसके बाद वह अपनी दुकान आ गया था। कुछ समय बाद बिज्जू बर्मन उसकी दुकान आया और उसके साथ गाली गलोज करने लगा, वह दुकान से बाहर आकर गाली गलोज करने से मना किया । इसी बात पर बिज्जू ने लोहे के पाईप से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# रोहित चौहान बने करणी सेना के जिला अध्यक्ष



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** युवा कांग्रेस पूर्व नगर अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अधिवक्ता रोहित सिंह चौहान भानु को करणी सेना जबलपुर के महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश, जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाए दी है।

# बरेला में मंसूरी मुस्लिम समाज की नई कमेटी का गठन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रविवार को बरेला में मंसूरी मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जनाब शेख सद्दाम को अध्यक्ष चुना गया।

कमेटी में शेख सलीम नेता उपाध्यक्ष, हाजी शेख युसुफ आज़ाद सचिव और जनाब शेख निजाम कोषाध्यक्ष बनाए गए। इसके अलावा जनाब शेखचांद, बाबा शाह, शेख बहीद, हाजी शेख हसन, शेख सफीक, शेख मुलाम, शेख सोनू, शेख सुबान, शेख बंटू, शेख सुलेमान सिल्लू, शेख सलीम, बाबू कलाम, शेख जुनैद, शेख अहमद निसार, खान, शाहिद खान, साबु शाह, टिन्नि शाह, शब्बीर शाह, हरून शाह, पक्कू शाह, मुन्ना शाह, शहीद शाह, मजिद खान, सदर अहमद खान, हाजी जहीर अहमद, मौलाना अरमान रज़ा, मौलाना हसिब रज़ा तथा साबू शाह सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, शिक्षा और युवा वर्ग को सामाजिक कार्यों में आगे लाने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित कमेटी को शुभकामनाएं दीं और समाज के विकास के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया ।

# पोलियो की दवा पिलाने जिले भर में चला वृहद अभियान





### सिहोरा में 97 फीसद बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

पोलियो उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए रविवार को सिहोरा ब्लॉक में बड़े स्तर पर पोलियो ड्रॉप पिलाने का अभियान शुरू हुआ। ग्राम पंचायत सिलुआ के उप स्वास्थ्य केंद्र में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया, वहीं ग्राम पंचायत घुटना में सरपंच कृष्ण कुमार दुबे ने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई। दोनों स्थानों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ब्लॉक के 170 बूथों और चलित वाहनों के माध्यम से शून्य से पांच वर्ष तक के 18 हजार 739 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के कुल 330 कार्यकर्ता मैदान में सक्रिय रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान ने बताया कि अभियान के पहले दिन 97 प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जा चुकी है। शेष तीन प्रतिशत बच्चे, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए, उन्हें सोमवार और मंगलवार को घर–घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। माताओं ने अपने बच्चों को गोद में लेकर पोलियो ड्रॉप पिलाई और पोलियो मुक्त भारत का संकल्प दोहराया।

# ट्रेनों में पिलाई गई पोलियो की दवा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान–2025 अभियान के तहत कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर एवं मुख्य चिकित्सा निदेशक पमरे के निर्देशन एवं डॉ. बीसीएस राव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जबलपुर के मार्गदर्शन में रविवार को चिकित्सा विभाग की ओर से मंडल के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, ट्रैनो, रेल परिसर में पोलियो की दवा पिलायी गयी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान–2025 अभियान के अंतर्गत डॉ संदीप कुमार चौहान, मंडल चिकित्सा अधिकारी, ललिता सहायक नर्सिंग अधिकारी, मनोज कुमार गुप्ता, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में देवेन्द्र कुमार, जिला विस्तार प्रशिछक, आरपी गुप्ता मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, राजेश ठाकरे, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, संचालन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से लगभग 2000 से अधिक बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाई गई।



# मानपुर जनपद में सीईओ और बीसी की मिलीभगत से हुआ भ्रष्टाचार...!

## मामला उजागर होने के बाद भी कलेक्टर नहीं ले रहे संज्ञान




बिना टेंडर के ही क्रय कर ली सामग्री!
सीईओ और ब्लॉक क्वार्डिनेटर की मिलीभगत से हुआ मानपुर जनपद में लाखों का भ्रष्टाचार..!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मानपुर जनपद पंचायत में सीईओ और ब्लॉक क्वाडिनेटर की मिलीभगत से बिना टेंडर के ही लगभग 25 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सामग्री क्रय कर ली गई थी जिसका खुलाशा स्वतंत्र मत द्वारा किया गया था और 30 सितम्बर को प्रकाशित किया गया है उसके बाबजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं कि और घटिया सामग्री पंचायतो में रखी हुई है और जब सरपंच घटिया सामग्री की वापसी की मांग कर रहे हैं तो वही अधिकारी भुगतान का दबाव डाला जा रहा है। मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक द्वारा भी कलेक्टर उमरिया को इसकी जानकारी और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन अब तक मामला जस का तस हैं.! न ही बिना टेंडर के पंचायतों में गए घटिया सामग्री की वापसी हो सकी न ही जिम्मेदारों पर कार्यवाही जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं और उसे सीईओ और ब्लॉक क्वाडिनेटर पर पूरा यकीन हैं कि न तो सामग्री वापसी होगींऔर भुगतान भी हो जाएगा.. क्योंकि पैसा बोलता है और पैसों की खनक के आगे अधिकारी बेबस हैं..! जबकि

### नियम यह कहता है

कि बिना टेंडर के पंचायतों में स्वच्छता सामग्री की आपूर्ति होने और भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मामला एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है, क्योंकि यह सरकारी नियमों और पारदर्शिता की अवहेलना करता है और दर्शाता है कि काम की स्वीकृत प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। इस स्थिति में, जांच कर यह पता लगाना जरूरी है कि सामग्री किस दर पर खरीदी गई, इसका गुणवत्ता स्तर क्या था, और भुगतान की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी तो नहीं हुई, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं हुआ है।

**प्रक्रिया का उल्लंघन बिना** - टेंडर के सामग्री की खरीद करना सरकारी नियमों का उल्लंघन है, जिससे यह संभावना बनती है कि भ्रष्ट आचरण हुआ है।

**गुणवत्ता की कमी** -यदि कोई सामग्री टेंडर के बिना खरीदी जाती है, तो उसकी गुणवत्ता घटिया हो सकती है और यह भी सुनिश्चित नहीं होता कि उसे सही दाम पर खरीदा गया है।

**जांच का अभाव**- अधिकारी या जनता की शिकायत मिलने पर ही जांच होती है, जिससे यह पता चलता है कि कहीं न कहीं कुछ गलत हो रहा है।

**जांच समिति का गठन** - मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए।

**भुगतान रोकना** - जांच पूरी होने तक या भुगतान संबंधी गलतियों का पता चलने पर, संबंधित भुगतान को रोका जा सकता है।

**दोषियों को सजा**-अगर जांच में दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें सजा देनी चाहिए। यह मामला दर्शाता है कि ऐसे में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करना आवश्यक है। शासन को ऐसे सभी मामलों में शून्य-सहिष्णुता नीति अपनानी चाहिए, जिसमें भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में कैंप लगाकर जन जागरूकता हेतु गतिविधि आयोजित की गई। नोडल अधिकारी डॉक्टर आर एल द्विवेदी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य रोगी को उपचार करने हेतु जिला चिकित्सालय में कमरा नंबर चार मनकक्ष एवं टैली मानस टोल फ्री नंबर 14416 वह मनहित ऐप मोबाइल एप्लीकेशन अंतर्गत की जा रही सेवाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है वहीं सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक डॉ केसी सोनी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि मानसिक रोग चिकित्सा एवं प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी एवं प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा मनकक्ष में एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य उपचार हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आने वाले हितग्राहियों की स्क्रीनिंग एवं मानसिक रोगी का उपचार तथा परामर्श दिया जाएगा राष्ट्र किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शदाता राकेश चौधरी के द्वारा आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर मित्रम प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में आईएमओ डॉक्टर संदीप सिंह, नर्सिंग स्टाफ एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे।

# सूचना का अधिकार अधिनियम कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक देन, 20 साल हुए पूरे, जिलाध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

## आरटीआई को कमजोर कर सरकार पारदर्शिता खत्म कर रही है- इंजी. विजय कोल

उमरिया (स्वतंत्रमत)



रविवार 12 अक्टूबर को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी.विजय कोल ने केंद्र सरकार पर सूचना के अधिकार (आरटीआई) को कमजोर करने का भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरटीआई देश के लोकतंत्र की रीढ़ है, जिसे योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। विजय कोल ने कहा कि मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा का अधिकार (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) जैसे अधिकार आधारित कानूनों की श्रृंखला में आरटीआई अधिनियम एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसने आम नागरिक को शासन व्यवस्था में भागीदारी और जवाबदेही का अधिकार दिया।उन्होंने बताया कि इस कानून ने देश के सबसे हाशिये पर खड़े लोगों को अपने हक जैसे राशन, पेंशन, मजदूरी और छात्रवृत्ति दिलाने में मदद की और पारदर्शी शासन प्रणाली की नींव रखी। जिलाध्यक्ष कोल ने कहा कि 2014 के बाद से आरटीआई अधिनियम को लगातार कमजोर किया गया है, जिससे लोकतंत्र और पारदर्शिता पर गहरा आघात हुआ है। उन्होंने बताया कि 2019 के संशोधन ने सूचना आयोगों की स्वायत्तता समाप्त कर दी, क्योंकि अब आयुक्तों का कार्यकाल और सेवा शर्तें केंद्र सरकार तय करती है। इससे कार्यपालिका का सीधा प्रभाव बढ़ गया। इसके अलावा, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम में किए गए संशोधन से आरटीआई की धारा 8(1)(प) को इस तरह बदला गया कि च्व्यक्तिगत जानकारीज्ज को अब पूर्णतः अपवाद बना दिया गया है। इससे मतदाता सूची, व्यय विवरण और जनहित से जुड़ी सूचनाओं के प्रकटीकरण पर रोक लग सकती है।विजय कोल ने कहा कि सरकार पारदर्शिता खत्म कर जवाबदेही से बचना चाहती है। यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार है।इस दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथलेश राय और वरुण नामदेव, लाल भवानी सिंह भी उपस्थित रहे।

# बाघिन की मौत के बाद अनाथ हुए शावक...!

## दो शावक मिले, तीसरे की तलाश में जुटा अमला

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के बांधवगढ टाईगर रिजर्व अंतर्गत पनपथा बफर रेंज की सलखनियां बीट मे मिले दो शावकों को फिलहाल ताला मे सुरक्षित पहुंचाने के बाद अमला अब तीसरे शावक की तलाश मे जुट गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन को अनुमान है कि लावारिस हालत मे पाये गये दो शावक बीते दिनो मृत मिली बाघिन के हो सकते हैं। गौरतलब है कि सलखनिया के इसी जंगली इलाके मे लंबे समय से बीटीआर की मशहूर कांटावाह बाघिन का मूवमेंट था। बीते 3 अक्टूबर को यहीं पर एक बाघ का शव मिला था। शव काफी पुराना और क्षत-विक्षत होने से यह सटीक अनुमान नहीं लग पा रहा है कि वह किस बाघ अथवा बाघिन का था। चूंकि कई दिनो से कांटावाह बाघिन और उसके तीन शावकों का कोई लोकेशन नहीं मिल रहा है, ऐसे मे यह शंका बलवती हो गई है कि मृत अवशेष कांटावाह बाघिन का ही है। तो क्या कांटावाह बाघिन अब नहीं रही। यह शक 10 अक्टूबर को उस समय और भी पुख्ता हो गया, जब पनपथा बफर की सलखनियां बीट से दो शावक अकेले मिल गये। बताया गया है कि बीट के कक्ष नंबर पीएफ-610 मे गश्ती दल को एक शावक बाघ गिरे हुए पेड़ की खोह में घुसता हुआ दिखा। जिसके तत्काल बाद वनकर्मियों ने हाथियों के माध्यम से क्षेत्र की सघन सर्चिंग की, परंतु बड़े नर अथवा मादा बाघ के कोई भी चिन्ह नहीं मिले। बताया गया है कि क्षेत्र संचालक के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन मे पेड़ की खोह मे पाये गये दोनो शावक बाघों का रेस्क्यू कर ताला ले जाया गया। सीएफ डॉ. सहाय ने बताया कि दो शावक भाई-बहन हैं, जो एक-दूसरे का बडा सहारा होते हैं। वहीं तीसरे शावक की सघन खोज की जा रही है। ताला मे रह रहे दोनो शावकों को माकूल परिस्थिति देख कर इन्क्लोजर मे शिफ्ट किया जायेगा।

# दिव्यांगजनों व्दारा उत्पादित वस्तुओं के विक्रय हेतु स्पर्श मेले का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक

उमरिया (स्वतंत्रमत)

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो, इसके लिए आवश्यक है कि उनके स्वयं व्दारा निर्मित उत्पादों का व्यापक स्तर पर विक्रय के लिए दीपावली पखवाडे के समय 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक स्पर्श मेले का आयोजन किया जाना है। निकायो में संबंधित विभागों के स्थानीय प्रशासन एवं संस्थाओं के सहयोग से स्पर्श मेला आयोजित किया जाएगा,ताकि दिव्यांग जन अपनी उत्पादित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय कर सकेगे।

## ट्रेन हादसे में युवक की मौत

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ट्रेन हादसे मे युवक की मौत होने का समाचार प्रकाष में आया है। जानकारी अनुसार घटना गत दिवस की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार हादसे में कांग्रेस के पार्षद ओम प्रकाष सोनी के बडे भाई की मौत हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवष्यक कार्यवाही की।

# 30 लाख की लागत से बने पंचायत भवन के घटिया निर्माण पर बवाल..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी डबल इंजन की सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, वहीं भृष्टाचारियों द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करके शासकीय बजट को यारा न्यारा करके बंदरबाट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं..! ऐसा ही एक मामला उमरिया जिला के मानपुर ब्लॉक क्षेत्रांतर गत ग्राम पंचायत चंसुरा से उजागर हुई है, यहाँ 30 लाख रुपये के लागत से नवीन ग्राम पंचायत भवन का निर्माण करवाया गया है, जिसके निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी, यहां की दीवारे तमाम जगह जगह दरार मारकर जरजर स्थिति में बुढ़ापा रूप धारण कर लिया है..! यहां दुनियां के सबसे घटिया क्वालिटी वाले सस्ते दरवाजा और खिड़की लगवाये गये हैं और लोहे का उपयोग फरमल्टी के लिये कोरम पूरा करने के लिये किया गया है। यहां बने शौंचालय के टाइल्स उखड़कर कचरा के ढेर का रूप ले लिये हैं, और यहां खुला पड़ा शिर्फ नाम के लिये बना सिप्टी टैंक नस्ट होने के कगार में है जहां कचरे का भंडारण है, भवन के प्रवेस द्वार पे बना फर्स पूरी तरह से खण्डहर हो चुका है। सूत्रों की माने तो इस भवन के निर्माण कार्य होते में उपयंत्री के दर्सन तक नहीं हुये, जिनके द्वारा जिला मुख्यालय उमरिया में बैठकर बिल बना दिया जाता है क्योंकि इस क्षेत्र में मिलीभगत की ताकत महान है, यहां निर्माण, स्वीकृति राषि का किसी भी प्रकार का बोर्ड तक नहीं लगवाया गया था क्यों कि ऐसे बोर्ड लगने से भृष्टाचार के उजागर होने लगते हैं.! इस भवन का निर्माण कार्य ठेका से करवाने की चर्चा है। यदि इस भवन के निर्माण कार्य की कड़ी एवं निस्पक्ष जांच हो जाय तो पूरी सच्चाई सामने आ जायेगी, पर जब मिलीभगग के ताकत को किनारे कर सम्भागीय टीम द्वारा निस्पक्ष जांच हो जाय तभी पूरी सच्चाई का उजागर होना सुनिस्चित होगा..! चंसुरा में बने सामुदायिक भवन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का दिनांक 19 सितम्बर को मानपुर विधायक जी द्वारा लोकार्पण हो रहा था, उसी दरम्यान इस भवन का लोकार्पण करवा कर पंचायत विभाग ने अपना रास्ता साफ करना चाह रहे थे लेकिन जिस गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य की भनक लगते ही उस दिन लोकार्पण नहीं हुआ, जो एक कड़े जांच और शक्त कार्यवाही का विषय बना हुआ है।




# ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव हेतु साइबर जागरूकता कार्यशाला का ग्राम पंचायत जरेरा में हुआ आयोजन

## जिले में लगातार चलाया जा रहा है साइबर सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान

बालाघाट (स्वतंत्रमत)



संपूर्ण देश भर में वर्तमान समय में अनेक प्रकार से भोली भाली जनता को ठगो द्वारा ठगा जा रहा है। भोली-भाली जनता ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो रही है। साइबर अपराध हो रहे हैं जिसके चलते जनता को अपनी मेहनत की कमाई गवानी पड़ रही है। वैसे ही जिले में भी लगातार फ्रॉड की घटनाएं सामने आती रहती है और पूरे जिले में भी इस प्रकार की ठगी के अनेक मामले सामने आए हैं। इन्हीं मामलों में जनता को जागरूक करने के उद्येश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन में बालाघाट साइबर टीम द्वारा 12 अक्टूबर को भरवेली थाने की ग्राम पंचायत में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मरार माली समाज बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित किया गया । जिसमे उपस्थित ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एंव बच्चीयों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी सहित डिजिटल फाड 1930 की जानकारी सहित साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई। उक्त साइबर अपराध के बारे में मेघा तिवारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जिस प्रकार डिजिटलतरीके से अपराध हो रहे हैं उन खतरों से बचाना तथा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के बारे में लोगों को शिक्षित करने का एक सामूहिक प्रयास भी है। वहीं बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति से अपना पासवर्ड, आधार कार्ड इत्यादि शेयर ना करें साथ ही मोबाइल पर आई हुई अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अनजान लोगों से वीडियो कॉल ना करें। पुलिस आपकी सुरक्षा में है संपूर्ण मध्यप्रदेश की तरह बालाघाट जिले में भी साइबर सेल है कोशिश करना है इस प्रकार की घटना ना घटे अगर घट भी जाती है तो तुरंत साइबर सेल से संपर्क कर सावधानी बरते। सावधानी ही सुरक्षा है पुलिस द्वारा इस प्रकार की घटना से बचने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आप लोगों को भी लोगों के बीच जाकर जन जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा जिसके चलते इस प्रकार की घटना ना घटे और लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार ना हो। इस दौरान सोनेलाल वरकड़े पूर्व सरपंच, मनोहर सिंह पन्द्रे, शिवप्रसाद ओगारे,,अनुज कुलेश, दामिनी उइके सूर्यकला सौलसे सिस्टर मारियारोष संस्था प्रमुख आशा निवास सहित ग्रामीण महिलाएं एंव पुरुषों के साथ बच्चीयां उपस्थित रही।

# डॉ. राफिया अमीन ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

परसवाड़ा (स्वतंत्रमत)




शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए डॉ. राफिया अमीन, पिता मोहम्मद शकूर कुरैशी एवं माता शबनम कुरैशी, निवासी बैहर ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह उपलब्धि अपने सतत परिश्रम, लगन और समर्पण से हासिल कर अपने परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ.राफिया अमीन ने अपना शोध कार्य मनोदैहिक किसानों की गतिशीलता तथा उनका सामाजिक-मनोवैज्ञानिक-आर्थिक स्थिति एवं अंगीकरण व्यवहार पर प्रभाव = सतना ज़िले, मध्यप्रदेश का एक अध्ययन पर प्रतिष्ठित मार्गदर्शक प्रोफेसर डी. पी. राय के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके इस शोध का मुख्य उद्देश्य किसानों की मानसिक स्थिति और उनकी समस्या ओर उसका निवारण साथ में नवाचार को समझने जैसे विषय के उद्देश्य/महत्व जैसे ङ्क कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का विकास, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार आदि] था, जो भविष्य में समाज के लिए उपयोगी साबित होगा। अपनी सफलता पर डॉ. राफिया अमीन ने कहा ङ्क यह उपलब्धि मेरे माता-पिता, भाई,शिक्षकों और सभी शुभचिंतकों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन का परिणाम है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपने शोध कार्य के माध्यम से समाज के विकास में योगदान करूँ। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई दी और उवल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। क्षेत्र में इस सफलता से खुशी का माहौल है और लोग गर्व महसूस कर रहे हैं।

## रेल लाइन को लेकर सांसद से चर्चा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महासचिव अनूप मिश्रा ने रविवार की प्रात: 9.35 बजे मोबाइल पर अनूपपुर पेंड्रा शहडोल लोकसभा सांसद श्रीमती हिमाद्रि सिंह से चर्चा करते हुए पेंड्रा डिंडोरी मंडला गोटेगांव नवीन रेल लाइन निर्माण के संबंध में जानकारी दी। जिस पर सांसद ने इस नवीन रेल लाइन के बारे में विस्तार से पूरी जानकारी ली एवं रेल मंत्री एवं रेल मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड को पत्र लिखने आश्वस्त किया साथ ही राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के सदस्यों से मिल बैठकर चर्चा करने की सहमति प्रदान की।

## भू-अभिलेख ग्वालियर को लिखा पत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मप्र पटवारी संघ ने आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर को पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान वर्ष 2025-26 की खरीफ गिरदावरी का कार्य पूर्ण हो चुका हैं। किंतु उसके पश्चात तकनीकी कारणों से हुई त्रुटियों के सुधार हेतु वांछित समय उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे उपलोड के समय हुई तकनीकी त्रुटियों का सुधार नहीं होने से प्रदेश के लगभग समस्त जिलों में कृषकों के भावातंर संबंधित फसलों के रजिस्ट्रेशन में विभिन्न प्रकार की समस्या होकर विवादित स्थिति कायम हो रही है। जिनका सुधार होना आवश्यक है। मांग की है कि वर्तमान वर्ष 2025-26 की खरीफ गिरदावरी कार्य में तकनीकी त्रुटियों के सुधार करवाने हेतु किसानों के हित में फसल त्रुटि सुधार के विकल्प की अवधि एक सप्ताह हेतु प्रारंभ करने संबंधित उचित आदेश प्रदान करें।

## सात ट्रेक्टरों पर चलानी कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करने वाले 7 ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमश: एमपी51/एए/6836, एमपी51/जेड7599,एमपी51/एए/7428, एमपी51/जेडबी/0747,एमपी51/जेडए2028,एमपी51/जी/1051, एमपी51/एए/6051 के वाहन चालको के विरूद् धारा 115/194(2) मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 35 हजार रूपए का चालानी कार्यवाही की गई। ट्रैक्टर चालकों को ट्रॉली का वाणिज्यिक पंजीयन कराने सभी वैध दस्तावेज साथ रखने निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाईश दी गई।

## जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आंगनवाड़ी केंद्र स्कूल पंचायत में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों पर जागरूकता सत्र एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने व आंगनवाड़ी परिसर की सफाई के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पर्यवेक्षकों एवं परियोजना अधिकारियों द्वारा जागरूकता सत्र के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों को बताया।

## बालिकाओं के लिए लगाया शिविर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी एवं सहायक संचालक श्रीमती लीना चौधरी के मार्गदर्शन में हाईस्कूल झिरिया तहसील नैनपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर किशोरी बालिकाओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं पॉक्सो एक्ट आधारित गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

## भवन हेतु लाखों का दान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम ग्वारा के निवासी 80 वर्षीय कृषक चिरौंजी लाल जंघेला जिनका पुत्र संजय जंघेला जम्मू काश्मीर आर्मी में कार्यरत होकर देश की रक्षा के लिए तैनात है तो वहीं पिता चिरौंजी लाल जंघेला कृषक होते हुए भी सामाजिक गतिविधियों में अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते हुए महाराजपुर स्थित संगम घाट में लोधी समाज के निर्माणाधीन भवन के लिए पिछले दिनों 2 लाख 51 हजार 1 सौ 11 रूपये का दान दिया गया जो अनुकरणीय है। जिला लोधी क्षत्रीय समाज द्वारा श्री जंघेला का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बच्चों को दी पोलियो ड्रॉप

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम मधुपुरी में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती सोनल सिडाम द्वारा बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का महत्व बताया गया। उन्होंने ग्राम का भ्रमण किया तथा अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया।

# असली मरीजों का नकली अस्पताल में इलाज!

## जांच दल ने मारा छापा : कहीं हुसैन तो कहीं बंगाली घर-घर चला रहे अस्पताल

मण्डला(स्वतंत्र मत)





विगत कुछ सालों में लगातार फर्जी दवाखाना खोले जाने की जानकारी सामने आ रही हैं। जिले भर में छोटे-छोटे सैकड़ो अस्पताल खुल चुकें हैं जहां पर मरीजों को भर्ती करने के साथ ऑपरेशन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इनकी अनुमति है या नही यह तो सीएमएचओ कार्यालय के जबावदार अधिकारी ही बता पायेंगे लेकिन मरीजों का इन अस्पतालों में ईलाज जानलेवा बना हुआ है। ऐसा ही एक अवैध अस्पताल पर कार्यवाही का डंडा चला है। जहां उपनगर महाराजपुर में अवैध रूप से चल रही दवा दुकान और हॉस्पीटल पर कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए उक्त संस्थान को सील कर दिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में संचालित विभिन्न दवाई दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कारीकोन तिराहा महाराजपुर में संचालित एक अवैध क्लिनिक पर कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने क्लिनिक से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जिसमें आवश्यक अनुमति एवं पंजीयन न पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से क्लिनिक को बंद करा दिया गया। संयुक्त टीम ने बिंझिया कटरा और ग्राम नांदिया में संचालित दवाई दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानों में उपलब्ध दवाओं की गुणवत्ता, वैध लाइसेंस, बिलिंग रजिस्टर, स्टॉक पंजी की जांच की गई। इसी क्रम में राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने निवास तहसील में संचालित विश्वास मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को सीलबंद किया। निरीक्षण के दौरान टीम को दुकान में एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिलीं साथ ही मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किए जाने की जानकारी भी सामने आई। आवश्यक दस्तावेज और पंजीयन प्रस्तुत न करने पर टीम ने तत्काल प्रभाव से मेडिकल स्टोर को बंद करा दिया गया। महाराजपुर नगर में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल देने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां दादा धनीराम वार्ड के कारिकोन मार्ग पर स्थित एक दवा दुकान की आड़ में अवैध रूप से मिनी हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा था। प्रशासन को जब इस बात की भनक लगी तो राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। कार्यवाही के दौरान टीम ने पाया कि दुकान के अंदर लगभग छह बिस्तरों का हॉस्पिटल चलाया जा रहा था जहां मरीजों का इलाज और ड्रिप लगाने जैसी गतिविधियां हो रही थीं। तहसीलदार हिमांशु भलावी ने बताया कि जांच में अस्पताल संचालन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। यह क्लीनिक पूरी तरह से बिना अनुमति और अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। बताया गया है कि ऊपरी मंजिल पर डॉक्टर का मकान बना हुआ था जबकि नीचे के हिस्से में दवा दुकान और हॉस्पिटल चलाया जा रहा था। टीम ने मौके से दवाएं इंजेक्शन बिस्तर और अन्य चिकित्सकीय सामग्री जब्त की। फिलहाल दवा दुकान और हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है वहीं मामले की पूरी जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह का संचालन न सिर्फ कानूनी उल्लंघन है बल्कि लोगों की जान के साथ जोखिम भरा खेल है। बिना पंजीकरण और योग्य चिकित्सक की देखरेख के इलाज करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। सूत्रों के अनुसार इस क्लीनिक में कई सालों से मरीजों का इलाज और दवाओं की बिक्री की जा रही थी। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यहां रात में भी मरीजों को भर्ती किया जाता था जिससे क्षेत्र में यह संदेह लंबे समय से था कि कुछ गड़बड़ चल रही है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। जांच में फर्जी डॉक्टर या गैर-पंजीकृत फार्मासिस्ट की भूमिका पाई जाती है तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा मामला जिले की स्वास्थ्य प्रणाली और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। आखिर कैसे एक गली मोहल्ले में अवैध अस्पताल महीनों से बेखौफ तरीके से चल रहा था और किसी को भनक तक नहीं लगी? अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस फर्जी अस्पताल रैकेट के पीछे छिपे बड़े नेटवर्क तक कब पहुंचता है और क्या ऐसे अन्य संस्थानों पर भी शिकंजा कसेगा। अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति अस्पताल चलाना गंभीर अपराध है।

## छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



मण्डला (स्वतंत्रमत)

सांदीपनि मॉडल विद्यालय निवास के लगभग 300 छात्रों ने शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करना था। यह महत्वपूर्ण शैक्षिक गतिविधि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया के कुशल निर्देशन में आयोजित की गई। विद्यार्थियों के दल ने मंगलायतन यूनिवर्सिटी बरेला ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस जबलपुर और माही नर्सिंग कॉलेज जबलपुर का दौरा किया। छात्रों ने इन संस्थानों में नवीनतम तकनीकों कार्य प्रणाली और कैरियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की भ्रमण का नेतृत्व विद्यालय के प्रभारी उप-प्राचार्य प्रभात कुमार गोलिया और वरिष्ठ शिक्षक रोहिताष सिंगरौरे ने किया। इस दौरान संत प्रकाश उइके, सुश्री शिखा पटेल, सुश्री पूनम मेहरा, प्रशांत गुप्ता, सुश्री संगीता मरावी, सुश्री रेशमा मसराम, सुश्री संध्या जंघेला, सुश्री दीपशिखा व्यौहार और नितेश सिंगौर शामिल थे। सुरक्षा की दृष्टि से समस्त सुरक्षाकर्मी दल के साथ मौजूद रहे।

## अवैध शराब पर आबकारी की कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन मे जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई जिसमें मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिद्ध टेकरी कॉलोनी रोड पर स्थित घर की विधिवत तलाशी ली गई। जिसमे घर की तलाशी लिए जाने पर किचन में फ्रिज के नीचे एक चैम्बर के अंदर विदेसी मदिरा, व्हिस्की की 05 पेटियां रम की 2 पेटियां, 1 प्लास्टिक की बोरी में 1 पेटी गोआ व्हिस्की की इस तरह कुल 8 पेटियां विदेसी मदिरा व्हिस्की एवं रम की बरामद की



गई। कुल 68.76 लीटर मदिरा बरामद कर जप्त की गई। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 71780 है। आरोपी महिला गोदावरी यादव को धारण क्षमता से अधिक मदिरा रखने पर मौके पर गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण विवेचन में लिया। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1),34 (2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, विजय कमलेश,महेश पटेल, प्रिया नायडू, नेतराम ककोटिया,सत्यपाल मरावी उपस्थित उपस्थित रहे।

## हत्या या आत्महत्या...अब होगा खुलासा

**मण्डला/मोहगांव (स्वतंत्रमत)।** जिले के मोहगांव थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। अप्रैल माह में एक युवक की रहस्यमयी मौत के बाद दफनाया गया शव छह महीने बाद फिर कब्र से बाहर निकाला गया। वजह परिजनों का आरोप कि पुलिस ने इसे आत्महत्या बताकर मामला रफा-दफा कर दिया जबकि असल में युवक की निर्मम हत्या की गई थी। जानकारी के मुताबिक गोलू नंदा नामक युवक का शव बीते अप्रैल माह में मोहगांव क्षेत्र के जंगल में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला था। उस वक्त पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मामले



को आत्महत्या करार देते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। गोलू के शव को गांव में ही दफना दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई पहलूओं को नजर अंदाज किया गया। उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए और दोबारा जांच मांग की। आखिरकार पुलिस ने परिजनों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए न्यायिक प्रक्रिया के तहत शव को कब्र से निकाला और जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा है जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम दोबारा पोस्टमार्टम करेगी। इस पूरे घटना के दौरान गांव में पुलिस बल की मौजूदगी रही। शव निकाले जाने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजन और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की आशंका और संदेह को देखते हुए शव को न्यायिक प्रक्रिया में निकालकर जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की दिशा तय होगी। फिलहाल अब सबकी निगाहें जबलपुर मेडिकल की रिपोर्ट पर टिकी हैं जो यह तय करेगी कि गोलू नंदा ने खुद फांसी लगाई थी या फिर उसे किसी ने मौत के घाट उतारकर फंदे पर लटकाया गया था।




मण्डला(स्वतंत्रमत)

नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं कलेक्टर के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की ओरल खुराक देकर 3 दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलिंग बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलाएं। अगर किसी कारणवश दवा न पिलवा पायें तो 13 एवं 14 अक्टूबर को दवा अवश्य पिलायें। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.जे. मोहन्ती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाय. के. झारिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. मरकाम एवं जिला क्षय अधिकारी शहरी नोडल अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकाला स्वयंसेवकों का पथ संचलन

### मंत्री सम्पतिया द्वारा महिला मोर्चे के साथ की गई पुष्प वर्षा



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत स्वयं सेवकों ने नगर में अनुशासित पथ संचलन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वृहत पथ संचलन में लगभग 15 सौ से भी अधिक स्वयं सेवक शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा की। पथ संचलन में बड़ी संख्या में नगर नैनपुर खंड के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश के साथ उत्साहपूर्वक अपनी हिस्सेदारी रखी। देश है पुकारता पुकारती मां भारती की अनुगूंज और आर एस एस के बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक अपनी अनुशासित पोशाक में नगर में पथ गमन किया। आयोजन के पूर्व सभी स्वयं सेवक सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। जहां सर्वप्रथम मां भारती का पूजन अर्चन कर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह करवा पुन: सरस्वती विद्यालय प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुआ। इस आयोजन की अध्यक्षता झाम सिंह ठाकुर के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रवण जी सहप्रांत प्रचारक की उपस्थिति रही। इस गरिमामयी पथ संचलन का वार्डवासियो ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने %माँ भारती% के जयघोष, राष्ट्र भक्ति के नारे और एकता के संदेश दिए। पथ संचलन के माध्यम से कस्बे में एकता, अनुशासन और संगठन का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सहप्रांत प्रचारक श्रवण जी के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष 1925 से 2025 की जानकारी उपलब्ध कराई गई। आपने कहा यह केवल संघ की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति नई ऊंचाई और निष्ठा का संकल्प है। उन्होंने बताया कि संघ में ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। व्यक्ति के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है और यही संघ का मूल उद्देश्य रहा है।

## छत्तीसगढ़ के कवर्धा ने जीता ओपन फुटबॉल स्पर्धा का खिताब

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नैनपुर में आयोजित ओपन फुटबॉल स्पर्धा का खिताबी मुकाबला छत्तीसगढ़ के कवर्धा ने जीता। कवर्धा के खिलाडियो ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर उकवा को पेनाल्टी शूट आऊट में 4 के मुकाबले 5 गोल से हराया। फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा रहे। जाहिर है कि मार्केट 11 नैनपुर के तत्वाधान में ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के 8वें संस्करण का आयोजन छ्वत्रष्ट मैदान पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से नैनपुर, मंडला, मोहगांव ,रायपुर, भिलाई, डोंगरगढ़, मोतीहारी बिहार, नासिक, भरवेली नागपुर बालाघाट जबलपुर छिंदवाड़ा, कवर्धा ,धमतरी ,तिरोड़ी, उड़ीसा ,गुजरात, मुंबई सहित कुल16 टीमों ने हिस्सा लिया था। साथ ही एक विदेशी टीम यूएफसी अफ्रीकन (जिंबॉब्वे) की टीम ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की थी। सभी मैचों में नैनपुर के जे आर सी मैदान में मौजूद हजारो खेल प्रेमियों ने एक बेहतरीन खेल रोमांच का लुफ्त उठाया। फाइनल मुकाबला उकवा एफ सी मध्य प्रदेश विरुद्ध कवर्धा एफ सी छत्तीसगढ़ की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें मुकाबला का परिणाम पेनल्टी शूटआउट में हुआ ?। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें एक-एक मैदानी गोल कर बराबरी पर रही। अत: मैच का फैसला ट्राई ब्रेकर के माध्यम से हुआ। जिसमें 5-4 से कवर्धा ने विजय श्री हासिल की। आयोजन विशेष सहयोग दानदाता अमरेंद्र पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नैनपुर , नीरज सोनी, जुगल खंडेलवाल, आयुष गुप्ता, राम चावला, विवेक यादव, पंकज दरयानी, सचिन जायसवाल, मुकेश नागपाल, मुरली नागपाल मुस्ताक खान (राजा)डॉ सुरेंद्र वरकड़े, मनीष दादा रमजान खान बब्बन गुप्ता बॉबी खान सौरभ चौरसिया चंद्रेश कटियार चुन्नी खंडेलवाल डॉ सिसोदिया, मयंक खंडेलवाल इरफान कुरैशी सनी खंडेलवाल राजू दरयानी अफजल कुरेशी फरीद कुरैशी के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ। समिति में अनिल नारंग , नितिन ठाकुर, मोहित झरिया, सैंकी नारंग ,अतुल सोनी वसीम खान ,रिंकू बर्मन, रशीद खान तस्लीम अहमद ,आशीष यादव, पवन नंदा ,रॉबिन सैमुअल ,समीम खान ,राजू विश्वकर्मा, अनिरुद्ध मुदलेयार ,लखन दुबे, शिवम पटेल ,मोंटी पटेल, विकास वरकड़े रोहित झारिया, विशाल मर्सकोले ,निषाद राज, विशाल आर्मो, संदीप ठाकुर तरुणचक्रवर्ती, शशांक नाग, प्रद्युम्न शर्मा , अंकुश राउत एवं निर्णायक श्री प्रदीप समुद्रे, रविंद्र त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति को प्रोत्साहित करते हुए नैनपुर जैसे अदद नगर में ऐसे बड़े आयोजनों की जमकर सराहना की। उन्होंने विजेता उपविजेताओं को पुरस्कृत करते हुए नैनपुर में एक आधुनिक खेल मैदान स्टेडियम की जरूरत पर बल दिया। जमीन की उपलब्धता पर इस सौगात को पूरा करने का वादा किया। सम्पूर्ण स्पर्धा में उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार कवर्धा के मार्को को दिया गया। जबकि विजेता को 61 हजार नगद और उपविजेता को 25 हजार नगद राशि और ट्राफी से नवाजा गया।

संपादकीय

## फिर याद आए 'अति पिछड़े'


बिहार में चुनाव का वक्त आया है, तो फिर 'अति पिछड़ों' की याद चली आई है। देश की आजादी के 78 लंबे सालों के दौरान पिछड़ों को 'आरक्षण का चुग्गा' जरूर दिया जाता रहा है, लेकिन वह भी 'अति सीमित' है, लिहाजा पिछड़े कभी भी अगड़े नहीं बन सकते। शायद यही उनकी नियति है। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को स्वीकृति देकर लागू किया था, तो पिछड़ों के कुछ नसीब खुले थे। अब एक बार फिर जातीय गणना और आरक्षण की घोषणाएं की गई हैं। कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि बिहार में उसकी सरकार बनी, तो सरकारी ठेकों में 50 फीसदी तक आरक्षण 'अति पिछड़ों' को दिया जाएगा। निजी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए भी आरक्षण लागू किया जाएगा। पंचायतों और नगर निकायों में अभी तक जो 20 फीसदी आरक्षण है, उसे बढ़ा कर 30 फीसदी किया जाएगा। हम याद दिला दें कि जब 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने 'अति पिछड़ों' का एक अलग वर्गीकरण किया था और उन्हें पहली बार पंचायतों और नगर निकायों में 20 फीसदी आरक्षण की सुविधा दी थी। यही नहीं, उस दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 40.05 करोड़ रुपए की राशि भी आवंटित की थी। नतीजतन तब से आज तक 'अति पिछड़े' नीतीश के पक्ष में लामबंद रहे हैं। करीब 70-80 फीसदी तक मतदान भी जनता दल-यू के पक्ष में किया जाता रहा है। अब कांग्रेस ने कुछ घोषणाओं कर नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस ने अपने 'संकल्प-पत्र' में यह भी वायदा किया है कि सरकार बनने पर वह 'अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम' भी पारित करेगी। बेशक नीतीश भी अपना वोट बैंक बचाए रखने को कुछ बड़ी आरक्षणनुमा घोषणाएं कर सकते हैं। वैसे प्रधानमंत्री मोदी के जरिए मुख्यमंत्री ने 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति, यानी 7500 करोड़ रुपए, योजना का शुभारंभ कराया है। बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता, छात्रों के लिए लैपटॉप आदि कई घोषणाओं की झड़ी लगी है। बहरहाल सवाल फिर भी यथावत है कि क्या ऐसी घोषित व्यवस्थाओं से अति पिछड़े 'अगड़े' बन सकेंगे। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 2630 ऐसे पद आज भी रिक्त हैं, जिन पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अति पिछड़े प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियां की जानी हैं। दिल्ली के एम्स अस्पताल में ही रेजिडेंट डॉक्टरों के ऐसे 730 पद खाली पड़े हैं, जो दलित, आदिवासी और अति पिछड़ों के लिए लगभग आरक्षित हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं। एक अनुमान है कि देश में 63 फीसदी से अधिक आबादी ओबीसी और अति पिछड़ों की है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने संसद में जो जानकारी दी थी, उसके मुताबिक, बीते पांच सालों में दलित, आदिवासी के आरक्षित और पिछड़े वर्गों के कुल 1195 चेहरों को चुना गया। उन्हें संघ लोक सेवा आयोग ने आईएएस, आईपीएस, आईएफएस आदि का कैडर प्रदान किया। इतने बड़े देश की पिछड़ी आबादी में क्या यह संख्या पर्याप्त है? और ये पद अभी जूनियर स्तर के हैं। सरकार बताए कि महत्वपूर्ण और शीर्ष पदों पर कितने 'अति पिछड़े' कार्यरत हैं? बहरहाल, इसे बिहार तक समेट कर न देखा जाए। संविधान के मुताबिक, पर्याप्त शिक्षा के बाद शीर्ष और बेहतर सरकारी पदों पर नियुक्तियां अति पिछड़ों का भी अधिकार है।

# मुत्तकी का भारत दौरा



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आजादी के बाद से ही भारत व अफगानिस्तान के सम्बन्ध बहुत मधुर रहे हैं और इस देश के चहुंमुखी विकास में भारत का बहुमूल्य योगदान रहा है। भारत ने इसके आधारभूत विकास में जो योगदान किया वह अभूतपूर्व समझा जाता है क्योंकि 1947 तक यह देश पूरी तरह अविकसित था और कबायली संस्कृति में जी रहा था। यदि हम इतिहास पर नजर डालें तो 1889 तक अफगानिस्तान ब्रिटिश इंडिया साम्राज्य का ही हिस्सा था और इसका शासन कमोबेश तरीके से लन्दन से ही चलता था, हालांकि इसका अमीर या बादशाह भी सत्ता पर काबिज रहता था। मगर 1889 में ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने इसे स्वतन्त्र देश का दर्जा देने का मन बनाया और 1893 में भारत व अफगानिस्तान के बीच सीमा रेखा खींची जिसे डूरंड लाइन या रेखा कहा जाता है। अलग देश का दर्जा देने के बावजूद अंग्रेजों ने इसके विदेशी मामलों को अपने नियन्त्रण में ही रखा। अगर इससे भी पिछले इतिहास पर दृष्टि डालें तो 1846 तक यह पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की पंजाब सल्तनत का हिस्सा था जो आगरा से लेकर काबुल तक फैली हुई थी। मगर भारत व अफगानिस्तान का साझा इतिहास यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्राचीन काल में सम्राट अशोक के शासन का यह प्रमुख अंग था क्योंकि अशोक महान का साम्राज्य पाटिलीपुत्र से लेकर तेहरान (ईरान) तक फैला हुआ था।



ईसा पूर्व से लेकर आठवीं सदी तक यह बौद्ध धर्म का गढ़ माना जाता था परन्तु इस सदी में भारत में इस्लाम के आने के बाद यहां इस धर्म का प्रादुर्भाव हुआ। वर्तमान में अफगानिस्तान एक इस्लामी देश है जहां तालिबान प्रशासन है। अफगानिस्तान से सोवियत संघ की सीमाएं छूती थीं और ईरान से भी इसकी सीमाएं लगती हैं। अतः यह इलाका ब्रिटिश इंडिया के लिए रणनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण रहा। आजादी मिलने के समय पाकिस्तान बन जाने के बाद यह पाकिस्तान का पड़ोसी देश हो गया परन्तु दोनों ही मुल्कों के इस्लामी देश होने के बावजूद इनके आपस में सम्बन्ध खटास भरे ही रहे और इसकी एक वजह डूरंड लाइन भी रही लेकिन सांस्कृतिक रूप से अफगानिस्तान शुरू से ही भारत के निकट रहा और दोनों देशों के बीच सम्बन्ध भी इसी के अनुरूप रहे। आजकल अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार है जो भारत के साथ अपने सम्बन्ध सुधारना चाहती है।

इसी पृष्ठभूमि में तालिबानी सरकार के विदेश मन्त्री श्री अमीर खान मुत्तकी भारत की यात्रा पर आये हुए हैं। उन्होंने विदेश मन्त्री श्री जयशंकर से मुलाकात कर लम्बी बातचीत भी की। इस बातचीत के बाद दोनों देशों की तरफ से एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया। यह वक्तव्य दोनों देशों के बीच भविष्य में सम्बन्धों की नई नींव डालने वाला माना जा रहा है। जैसा कि सभी जानते हैं कि अफगानिस्तान में अमेरिकी फौजें 2021 तक जमी हुई थीं। इनकी वापसी इसी वर्ष में हुई और तालिबानी शासन काबिज हुआ। सत्ता में आने से पहले तालिबानी संगठन के पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध माने जाते थे परन्तु तालिबानी सरकार गठित हो जाने के बाद पाकिस्तान ने अपने रंग दिखाने शुरू किये और यह दोस्ती फीकी पड़ने लगी और दोनों एक-दूसरे के विरोधी जैसे हो गये। पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान उसके पिछलग्गू बनकर रहे जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया और अपनी स्वतन्त्र सोच विकसित की। भारत का अफगानिस्तान में फिलहाल केवल एक तकन?ीकी विदेश कार्यालय ही है जिसे बहुत जल्दी ही दूतावास में बदला जायेगा। 2021 के बाद वैश्विक परिस्थितियों में भी काफी बदलाव आया है। पाकिस्तान अफगानिस्तान का विरोधी हो चुका है और दूसरा इसका पड़ोसी देश ईरान काफी कमजोर पड़ चुका है। सोवियत संघ के जमाने से ही अफगानिस्तान के सम्बन्ध रूस के साथ काफी प्रगाढ़ रहे हैं मगर फिलहाल रूस-यूक्रेन के साथ अपने ही युद्ध में फंसा हुआ है और जब से डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं तब से अफगानिस्तान के प्रति उनका नजरिया काफी बदला हुआ है। वह लगातार भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान को महत्व दे रहे हैं।

तीसरी तरफ चीन का रुख अफगानिस्तान के प्रति बहुत दोस्ताना दिख रहा है। वह तालिबान सरकार के साथ पूर्ण दौत्य सम्बन्ध स्थापित कर चुका है और लगातार इस देश में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। इस सिलसिले में वह राजदूतों की अदला-बदली तक कर रहा है। इस दृष्टि से देखें तो अफगानिस्तान के साथ भारत की दोस्ती होना इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। अतः भारत बहुत सोच-समझ कर ही इस दिशा में आगे बढ़ रहा है और अफगानिस्तान में किये गये अपने भारी निवेश को भी संभाल रहा है। यही वजह है कि संयुक्त वक्तव्य में भारत ने कहा है कि आतंकवाद दोनों देशों के लिए साझा दुश्मन है क्योंकि दोनों को ही सीमा पार आतंकवाद से खतरा है। अतः संयुक्त वक्तव्य में सीमा पार क्षेत्रीय आतंकवाद की पुरजोर मरम्मत की गयी है और कहा गया है कि अफगानिस्तान अपनी सरजमीं और किसी व्यक्ति का इस्तेमाल दूसरे देश में आतंकवाद फैलाने में नहीं करने देगा। साथ ही भारत ने भी कहा है कि वह अफगानिस्तान की अखंडता और संप्रभुता व स्वतन्त्रता के प्रति पूर्णतः समर्पित है। दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग इस दिशा में विकास को बढ़ावा देने वाला होगा। इससे क्षेत्रीय स्तर पर स्थिरता को भी बढ़ावा मिलेगा और भारतीय उपमहाद्वीप में भारत की स्थिति मजबूत होगी जो इस क्षेत्र में शान्ति बनाये रखने में सहायक होगी।

बात पते की

## आम होती मौत.. मरती संवेदनाएं



देव शंकर अवस्थी

आजादी से काफी पहले रांझी क्षेत्र में सेना के बड़े वाहन से एक राहगीर की मौत हो गई। संभवतः उस समय का यह पहला सड़क हादसा रहा हो। खबर आग की तरह फैली। जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर दुर्घटना की वीभत्सता को बताया। जहां भी हादसे की चर्चा होती, वहां घटना सुनने भीड़ लग जाती। बताते हैं कि इस हादसे की चर्चा महीनों तक होती रही।...अभी दो-तीन दशक पहले तक किसी सड़क दुर्घटना में कोई मौत होने पर रिपोर्टर और कैमरामैन घटनास्थल पर जाते थे। खबर प्रमुखता से प्रकाशित होती। धीरे-धीरे मौतों का आंकड़ा बढ़ता गया, खबर सिमटती गई। अब आम आदमी के मरने पर चौंकने जैसी कोई बात नहीं रह गई। यह तो सत्य है, जो आया है, सो जाएगा। जन्म लिया है, तो मरेगा भी। हत्या, आत्महत्या, बिजली, पानी, करंट, कोई कैसे भी मरे कोई अंतर नहीं पड़ता। अब न हमारे रोंगटे खड़े होते और ना ही चीख निकलती। मृत्यु को दैनिक जीवन का हिस्सा मान लिया गया। जहरीले कफ सिरप से 22 बच्चों की मौत हो जाती है लेकिन किसे क्या फर्क पड़ा? बताते हैं कि तमिलनाडु में जिस जगह कप सिरप की फैक्टरी है, वह श्री बीएचके में दवाओं के 60 प्रोडक्ट बनाती है। इतने सालों तक किसी ने कुछ नहीं देखा, जब घटना हुई तो एक डॉक्टर को बलि का बकरा बना दिया। प्रदेश से देशभर में कफ सिरप की जांच हो रही। सवाल यह उठता है कि इस तरह की जांचें हमेशा क्यों नहीं होतीं? दो-चार कमरों में चलने वाली दवा कंपनियों की कमी नहीं। जिम्मेदार महकमा सब कुछ जानता है कि कहां गड्ढा है। सभी लोग जानते हैं कि इस तरह की जांच और कार्रवाईयों से कुछ होना-जाना नहीं है। बहुत ही जल्द इन मासूमों की मौत को भुला दिया जाएगा। यह निचले नहीं, बल्कि उच्च स्तर पर देखने की जरूरत है कि कहां नियमों की अवहेलना हो रही। प्रतिबंधित और अमानक दवाओं का विक्रय आखिर कैसे हो रहा? दवाओं और इलाज के नाम पर अंधी लूट कब तक मची रहेगी?.. और कब तक इन लुटेरों के काकस में उलझकर आम आदमी अपनी जान देता रहेगा?

### बांसुरी बन गई पाइपलाइन

रमनगरा की पाइपलाइन कब फूट जाए, कोई ठिकाना नहीं। उसके बनते ही फूटने का अंतहीन सिलसिला जो शुरू हुआ तो आज तक जारी है। तिलवाराघाट से शास्त्रीनगर तक पाइपलाइन इतनी बार फूट चुकी है कि उसे बांसुरी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। लगता है कुछ समय बाद पाइपलाइन अपना मूल रूप खो बैठेगी। पहले तो वह साल में दो-तीन बार फूटती थी लेकिन अब तो एक बार में ही लगातार तीन-चार दफे फूट जाती है। एक बार फूटने के बाद सुधरी नहीं कि दोबारा, फिर तिबारा फूट गई। जलसंकट से बचने समानांतर लाइन डाली लेकिन वह एकदम प्रभावी नहीं लगी। लोग यह कहने से भला कहां चूकने वाले कि इस लाइन को डालते समय कितना काला-पीला किया होगा कि आज तक शहर को भुगतना पड़ रहा है।

### ... और अंत में

कहते हैं बंदर कितना भी बूढ़ा हो जाए कुलाटी मारना नहीं भूलता। यह जुमला राजनीति में एकदम सटीक बैठता है। कैमरून में रविवार को राष्ट्रपति चुनाव में 92 वर्षीय पॉल बिया आठवीं बार चुनाव मैदान में हैं। देश का युवा वर्ग चाहता कि बिया इस उम्र तो आखिर दूसरों को मौका दें लेकिन बिया हैं कि मानते ही नहीं। बिया 1982 से राष्ट्रपति हैं।

# बसपा ने फिर दिखाई ताकत, मायावती के सियासी दांव से सपा को तनाव

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से लेकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों तक की चहल-पहल दिखने लगी है। इसी क्रम में बसपा सुप्रीमो बहिन मायावती ने मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कई राजनैतिक संदेश दिए। बहिन मायावती ने अपनी जनसभा में एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करके राजनैतिक विश्लेषकों को हैरान किया तो दूसरी ओर अगले विधानसभा चुनावों में बिना किसी गठबंधन के उतरने की घोषणा भी कर दी है। बसपा के शक्ति प्रदर्शन को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में बसपा की बढती ताकत से समाजवादी पार्टी को नुकसान होने जा रहा है। बहिन मायावती ने न केवल यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की अपितु यह भी कहा कि यदि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जुमला न साबित हुआ तो वह पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी होंगी।

बहिन मायावती अपनी 2007 की रणनीति को अपनाते हुए पुनः सामाजिक न्याय को आधार बनाकर ही चुनावी मैदान में उतरेंगी ऐसा संकेत उनकी रैली से मिलता है। उन्होंने अपनी रैली मे भीड़ जुटा कर यह संदेश दे दिया है कि उनका कोर वोटबैंक जाटव व दलित अभी भी उनके साथ है, भले ही इस समय उनके पास विधानसभा में केवल एक विधायक और मात्र 9 प्रतिशत वोट है। बहिन मायावती अपनी रैली में भाजपा के प्रति नरम व सपा तथा कांग्रेस के प्रति गरम दिखाई पड़ीं। उन्होंने अपनी रैली में कांग्रेस व सपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान पर नाटकबाजी कर रही है। कांग्रेस ने देश पर आपातकाल लगाकर बाबा साहब के बनाए संविधान का अपमान किया था। कांग्रेस ने बाबा साहब का कभी भी सम्मान नहीं किया।उन्होंने केंद्र सरकार में रहने पर उन्हें आयकर और सीबीआई की जांच में फंसाने की कोशिश की ताकि डा. आंबेडकर और कांशीराम के कारवां को रोका जा सके। अब उसी कांग्रेस के लोग संविधान की प्रति हाथ में लेकर नाटकबाजी कर रहे हैं। सपा पर तीखा हमला बोलते हुए बहिन मायावती ने कहा कि सपा की सराकर में दलितों व पिछड़ों का सर्वाधिक उत्पीड़न हुआ। उन्होंने सपा सरकार की अराजकता पर हमला किया।



बसपा रैली में बहिन मायावती के भतीजे आकाश आनंद की लॉन्चिंग के साथ-साथ मायावती के सबसे करीबी माने जाने वाले नेता सतीशचंद्र मिश्रा के बेटे कपिल मिश्रा की भी लॉन्चिंग हो गई है। मायावती ने उनके कामकाज की प्रशंसा भी की। जातीय समीकरण साधने के लिए सतीशचंद्र मिश्र के अलावा उमाशंकर सिंह को भी मंच पर जगह दी गई। प्रशंसनीय बात है कि इस रैली की तैयारी बहिन मायावती और उनके कार्यकर्ता बहुत ही शांत व अनुशासित तरीके से कर रहे थे। बसपा व बहिन मायावती अपने वोटर्स के मध्य बहुत समझदारी के साथ संपर्क बनाती हैं और यही कारण है कि उनका वोटबैंक काफी सीमा तक सुरक्षित रहा है; यद्यपि 2017 के बाद जाटव मतदाता में सेंध लग चुकी है जिसे फिर से भरोसा दिलाकर वापस लाना बहिन जी के लिए एक कठिन चुनौती है। लंबे समय से बहिन जी का नाम तथा आवाज़ केंद्रीय राजनीति से दूर रहने के कारण दलित राजनीति में चंद्रशेखर रावण जैसे लोगों का उभार हुआ है जो बसपा के परम्परागत वोटबैक पर दावा ठोंक रहे हैं।

बसपा सुप्रीमो ने भले ही जोर देकर कहा है कि आगामी चुनावों में प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी जाएगी किंतु यह फिलहाल संभव नहीं प्रतीत हो रहा हें क्योकि बसपा का जो राजनैतिक समीकरण हे उस आधार पर उन्हें सत्ता प्राप्त करने के लिए कम कम के कम 30 प्रतिशत मतों की आवश्यकता होगी और वह अभी मात्र 9 प्रतिशत ही है। प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों में बसपा कार्यकर्ताओं की धरातल पर कड़ी मेहनत के बाद यह मत प्रतिशत 15-20 पहुँच सकता है। बहिन जी ने खुले मंच से जिस प्रकार से योगी जी की प्रशंसा की वह बसपा के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है क्योंकि संभव है इससे प्रदेश का मुस्लिम मतदाता सपा गठबंधन के साथ जाना पसंद करे।

भले ही बसपा नेत्री मायावती का 2027 में अपने बलबूते पर सरकार में आने का दावा अतिशयोक्ति हो किन्तु इससे 2027 में सपा-बसपा गठबंधन की चर्चाओं को विराम लग गया है। साथ ही बहिन जी के दावे से सपा गठबंधन के लिए गहरा तनाव और भाजपा के लिए राहत की सूचना आ गई है।

# वातावरण का पर्यावरण

संतोष उत्सुक

बारिशों ने खूब पानी बरपाया। कई जगह तो पानी कहर बन कर पसरा रहा। इस बहाने कईयों ने तैरना सीख लिया। प्रशासन परम्परागत शैली में ध्वस्त, ड्रेनेज सिस्टम अस्त व्यस्त और आम आदमी मजबूरन पस्त रहा। लापरवाही हमेशा की तरह डूबती रही। आपदा में अवसर खोजने की परम्परा बहती रही। स्थितिवश शासन और प्रशासन ज़िम्मेदार लोगों से बार बार आग्रह करता रहा, असामाजिक होते जा रहे सामाजिक मीडिया और समाचार पत्रों में अपील करता रहा लेकिन 'सामाजिक जानवर' यानी इंसान, वातावरण और पर्यावरण के प्रति रुख बदलता नहीं दिखा।




हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा है, भाषण देने वाले पूरे आत्मविश्वास और निश्चय के साथ समाज को सभ्य मानते हुए कहते हैं कि वातावरण में जागरूकता लाकर ही जंगल बचाकर पर्यावरण और ज़मीन को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्हें ध्यान नहीं रहता कि समाज अब पहले जैसा कम सभ्य नहीं रहा। पर्यावरण बचाने के लिए वृक्ष लगाने, पानी देने और रक्षा करने से ज्यादा आसान और लाभदायक होता है, आरामदायक जगह बैठक, बैनर रैली और लंबा जुलूस निकालना। इस माध्यम से मिलना जुलना भी हो जाता है। व्यावहारिक कर्म में विशवास रखने वाले परिषद के अध्यक्ष, रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हैं।

रैली में भाग लेने वाले, नारे लगाने से पहले बोतल में पानी, खाना, सेब और केले आदि मौसमी फलों का भोग लगाते हैं। काफी पैसे तो टी शर्ट्स और उन पर 'वी लव अवर ग्रीन एनवायरनमेंट' छपवाने, दस्ताने और हरी टोपियां खरीदने में ही खर्च हो जाते हैं। ऐसी रैलियों में कुछ विशिष्ट लोग भी शामिल रहते हैं जिन्होंने पेड़ कटवाकर अवैध कालोनी का निर्माण और अपने मकानों का पुनर्निर्माण किया हो। ऐसे शानदार और दिखावटी वातावरण में बेचारा पर्यावरण अपने संरक्षण के ख़्वाब देखता रह जाता है।

सूचनाओं के अंबार में डूबे अधिकांश नागरिक भली भांति जानते, मानते और समझते हैं कि पर्यावरण बचाना संवारना, संरक्षित और सुरक्षित करना बहुत ज़रूरी है। इस सन्दर्भ में यह मज़ेदार सच हैरान करने वाला है कि लोग वातावरण को ही पर्यावरण समझ लेते हैं। हम दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि पर्यावरण को बचाने के लिए ज़रूरी उपाय करें लेकिन अपना मानवीय कर्तव्य याद नहीं रहता। दूसरों के सहयोग की चिंता छोड़कर जो हम कर सकते हैं वह करना मुश्किल होता है। महिलाएं इस क्षेत्र में ज्यादा सक्रिय भूमिका अदा कर सकती हैं। घर में प्लास्टिक का आना, चाहें तो वे निश्चित ही कम कर सकती है। पारिवारिक स्तर पर पानी का उचित प्रयोग कर कुछ पानी तो बचा ही सकती हैं। वैसे, मुश्किल काम करना आसान नहीं होता।

जितने भी पौधे घर में लगाने हों प्लास्टिक की जगह मिटटी के गमलों में लगा सकते हैं। प्लास्टिक के फूल न रखकर इनडोर पौधे रख सकते हैं। सामान लाने के लिए कपडे आदि का थैला प्रयोग करना ज़रा भी मुश्किल नहीं।

दुकानदार से पैक्ड वस्तुएं अलग थैले में न लेकर सीधे उसमें डाल सकते हैं। 'रियूज़, रिडयूस, रिपेयर, रिसाइकिल और रिकवर' जैसे पांच नुस्खे अपनाकर जीवन के पांच तत्वों 'आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी' को अपने हिस्से का फायदा तो पहुंचा ही सकते हैं। आसान काम करना भी, आसान कहां होता है जी। पर्यावरण को वातावरण समझना आसान होता है जी।

# देश-दुनिया की निगाहें माइनिंग सेक्टर पर, एग्रेसिव मोड में राजस्थान

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका चाहे यूक्रेन पर दबाव बना रहा हो या कनाड़ा को राज्य के रुप में घोषित कर अमेरिका में मिलाने की छटपटाहट हो या अन्य देशों की और भ्रकुटी तानने या मेल मिलाप के प्रयास हो सब कुछ इस खनिज संपदा को लेकर ही है। आज चाइना की मोनोपोली देखने को मिल रही है उसका बड़ा कारण भी उसके पास रेयर अर्थ एलिमेंट सहित आज के बदलते युग की मांग को पूरी करने वाली पुरासंपदा के अथाह भण्डार के कारण ही है। ऐसे में वैसे तो दुनिया के देश खनि संपदा को लेकर गंभीर है वहीं हमारे देश में भी केन्द्र और राज्य सरकारें खनिज खोज, खनन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कमर कस ली है। ऐसे में राजस्थान सरकार भी माइनिंग सेक्टर प्रोएक्टिव भूमिका निभाते हुए आगे आया है। वर्तमान सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को खनन क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान की सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयासों के तहत प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलूओं के योजनावद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मोनेटरिंग, एक्सप्लोरेशन, राजस्व, निवेश एवं रोजगार बढ़ोतरी, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विभाग द्वारा उच्चस्तरीय परियोजना मोनेटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। माना जा रहा है कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें जल्दी परिचालन आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढेंगे। वैसे भी आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की छटपटाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है।

अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है। चीन के वर्चस्व का बड़ा कारण उसका आरईई सहित खनिज संपदा पर एकाधिकार ही है और आज चीन के इस वर्चस्व को कम करने में ही जुटे हुए हैं। खैर यह विषयांतर होगा पर एक बात साफ है कि माइनिंग सेक्टर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तेजी से काम होने लगा है और राजथान ऑक्शन सहित रेवेन्यू अर्जन विकास दर आदि में अव्वल हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में विपुल संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को देश में अग्रणी राज्य बनाने पर जोर देते रहे हैं। नई खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, रिप्स में सहायता प्रावधान, एमनेस्टी योजना सहित प्रक्रिया के सरलीकरण और खनन क्षेत्र विकास के महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिन्हित किया गया है।




प्रमुख सचिव माइन्स टी रविकान्त का मानना है कि सभी क्षेत्रों में समन्वित व तेजी से विकास के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए पीएमयू का गठन किया गया है जिससे योजनावद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ा जा सके। एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, शीध्र परिचालन, रिसर्च एवं डव्लपमेंट, जीरो लॉस माइनिंग, इकोटूरिज्म की संभावनाओं, पेपरलेस सहित विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया है। विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी। यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है। डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मोनेटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए डीएमएफटी फण्ड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मोनेटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा गया है। राज्य सरकार का सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर रहने के साथ ही बदलते परिवेश में यह आवश्यक भी हो गया है। सस्टेनेबल माइनिंग और ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर दल द्वारा स्टार रेंटिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं व क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिनिंग व उपयोग, श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोड़ने और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रिओरियेंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश दुनिया में तकनीक में आ रही बदलाव से रुबरु कराने सहित इस तरह के कार्यों के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार ने पीएमयू गठित कर जिम्मेदारी तय करने के साथ ही सरकार की ईच्छा शक्ति स्पष्ट कर दी है। अब पीएमयू टीम को जी जान से जुटते हुए माइनिंग के सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए जुट जाना होगा।

माइनिंग सेक्टर आज देश दुनिया में महत्वपूर्ण सेक्टर हो गया है। ऐसे में राजस्थान सरकार द्वारा प्रोएक्टिव रोल अपनाने की पहल निश्चित रुप से समय की मांग के अनुकूल है। केन्द्र सरकार भी गंभीर है और क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी का काम तो केन्द्र सरकार ने अपने हाथों में ले लिया है। इसी तरह से केन्द्र सरकार ने मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही प्रोत्साहन के रुप में परफोरमेंस के आधार पर खानों की रेटिंग कर पुरस्कृत करने की पहल की है जिससे स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को माहौल बना है। राजस्थान सरकार ने भी रेटिंग सिस्टम अरंभ करने की पहल की है।

# ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा चीन

बीजिंग



चीन ने रविवार को संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए।

वाणिज्य मंत्रालय ने ऑनलाइन जारी एक बयान में कहा, ''चीन का रुख स्पष्ट है। हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं हैं।'' यह प्रतिक्रिया ट्रंप द्वारा एक नवंबर तक चीन से आयात पर कर बढ़ाने की धमकी के दो दिन बाद आई है। यह धमकी कई उपभोक्ता और सैन्य उत्पादों के लिए एक प्रमुख घटक, दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों के जवाब में दी गई थी। इस घटनाक्रम से ट्रंप और चीन के नेता शी चिनफिंग के बीच संभावित बैठक पटरी से उतरने और शुल्क युद्ध को लेकर बनी सहमति को लेकर संकट पैदा हो गया है। अप्रैल में दोनों पक्षों की ओर से नए शुल्क कुछ समय के लिए 100 प्रतिशत से ऊपर चले गए थे।

ट्रंप ने इस साल कई अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर कर बढ़ा दिया है, ताकि शुल्क में कटौती के बदले में रियायतें हासिल की जा सकें। चीन उन गिने-चुने देशों में से एक है जो अपनी आर्थिक ताकत के दम पर पीछे नहीं हटा है।

वाणिज्य मंत्रालय ने अपने ऑनलाइन पोस्ट में कहा, ''बार-बार ऊंचा शुल्क लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।'' यह पोस्ट एक अनाम प्रवक्ता द्वारा अनिर्दिष्ट मीडिया कंपनियों के सवालों के जवाबों की एक श्रृंखला के रूप में किया गया है। बयान में बातचीत के जरिये किसी भी चिंता का समाधान करने का आह्वान किया गया। पोस्ट में कहा गया, ''अगर अमेरिकी पक्ष हठपूर्वक अपनी नीति पर अड़ा रहता है, तो चीन अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ता से कदम उठाएगा।''

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा लोगों की मौत

खार्तूम, (वार्ता)। पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह ने दी है। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरकम आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरकम आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए और कई लोग घायल हुए। सूत्र ने बताया कि शवों को अल फशर स्थित सऊदी अस्पताल लाया गया।

# भारत से रिश्ते सुधारने में लगे ट्रंप

## अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की जयशंकर ने मुलाकात

नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की, जो सीनेट द्वारा उनकी नियुक्ति की पुष्टि के बाद छह दिवसीय नई दिल्ली यात्रा पर हैं। जयशंकर ने ड्ढ पर पोस्ट किया आज नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत-पदनामित सर्जियो गोर से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 9 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे. रिगास भी मौजूद रहेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और अमेरिका रणनीतिक और व्यापारिक संबंधों को मज़बूत करने के लिए काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाश रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, हाल ही में भारत पहुँचे गोर बाद में औपचारिक रूप से अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी शनिवार को गोर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साझा किया विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। उनके बीच भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और इसकी साझा प्राथमिकताओं पर उपयोगी बातचीत हुई। विदेश सचिव ने मनोनीत राजदूत गोर को उनके कार्यभार के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, जयशंकर ने 24 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के दौरान गोर से मुलाकात की थी, जहाँ दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा की थी। मुलाकात के बाद, अमेरिकी विदेश विभाग ने एक्स पर साझा किया, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत और भारत में राजदूत नामित सर्जियो गोर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भारत के विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की।

# स्वदेशी अपनाना, देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है : राज्यपाल

रांची, (वार्ता)

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज मोरहाबादी, राँची में आयोजित हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी ड्ढ विकसित भारत 2047 मैराथन के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों, आयोजकों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। राज्यपाल ने इस जन-जागरूकता अभियान के आयोजन के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को हार्दिक बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

राज्यपाल ने कहा कि हर घर स्वदेशी का यह आह्वान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के उस विचार को आत्मसात करने का संदेश देता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल बनने का आह्वान करते हैं। उनका संदेश है कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, तो हम केवल किसी उत्पाद का नहीं, बल्कि अपने देश के श्रम, कौशल और सम्मान का समर्थन करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना, देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है और यही विकसित भारत 2047 का मार्ग है। यह मैराथन उसी भावना का जीवंत प्रतीक है, जहाँ हर कदम स्वदेशी, स्वास्थ्य और स्वाभिमान की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि यहाँ के लोग इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे माननीय प्रधानमंत्री जी के वोकल फॉर लोकल संदेश को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। राज्यपाल ने सभी से स्वदेशी अपनाने, स्वावलंबी बनने तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## इराक ने अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की

बगदाद, (वार्ता)। इराक ने शनिवार को उसकी संस्थाओं पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की और इस कदम को एक बेहद खेदजनक और एकतरफ़ा कार्रवाई बताया। इराकी सरकार के प्रवक्ता बसीम अल-अवदी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी कानूनी उपायों के अधीन पक्षों के साथ उनके कथित संबंधों के बहाने इराकी संस्थाओं पर अमेरिकी प्रतिबंध बिना किसी पूर्व परामर्श या बातचीत के लगाए गए, जो सहयोगी देशों के बीच संबंधों के प्रति दृष्टिकोण में एक नकारात्मक मिसाल पेश करता है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इन प्रतिबंधों की घोषणा की, जिनका उद्देश्य उन व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करना है।

# मेक्सिको में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 41 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी



मेक्सिको में लगातार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण 41 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेराक्रूस राज्य में छह से नौ अक्टूबर तक लगभग 540 मिलीमीटर (21 इंच से अधिक) बारिश हुई। मेक्सिको सिटी से 170 मील (275 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में स्थित तेल नगरी पोजा रिका में बाढ़ से पहले कोई खास चेतावनी जारी नहीं की गई थी। मेक्सिको के राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय ने बताया कि मेक्सिको सिटी के उत्तर में स्थित हिडाल्गो राज्य में शनिवार तक भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई और 150 समुदायों को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा।

मेक्सिको सिटी के पूर्व में स्थित पुएब्ला राज्य में कम से कम नौ लोग मारे गए और 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। वेराक्रूज राज्य में 15 लोगों की मौत हुई है जहां थल सेना एवं नौसेना भूस्खलन और बाढ़ के कारण अलग-थलग पड़े 42 समुदायों के निवासियों को बचाने में मदद कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी पूरे क्षेत्र में 27 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। खाड़ी तट पर स्थित वेराक्रूज राज्य की 55 नगरपालिकाओं में 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले, मध्य क्रेटारो राज्य में भूस्खलन के कारण एक बच्चे की मौत हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बिजली गुल होने से देश भर में 3,20,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने इस भीषण बारिश के लिए मेक्सिको के पश्चिमी तट पर आए उष्णकटिबंधीय तूफानों प्रिसिला और रेमंड को जिम्मेदार ठहराया है।

## केरल में कार्यकर्ताओं पर हमले के बाद भाजपा नेताओं ने माकपा पर निशाना साधा

तिरुवनंतपुरम, (वार्ता)। केरल में भाजपा ने सत्तारूढ़ माकपा पर सबरीमला अय्यपा मंदिर से कथित सोना चोरी के खिलाफ पार्टी के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री ने माकपा पर आरोप लगाया कि उसने राज्य के खजाने को लूटने के बाद अब मंदिरों को लूटने, धमकी देने और सड़क पर हिंसा के जरिए असहमति दबाने का काम शुरू कर दिया है। अगर माकपा सोचती है कि वह गुंडागर्दी से असहमति कुचल सकती है तो वह गलतफहमी में हैं। भाजपा चुप नहीं रहेगी। जब डीवाईएफआई कार्यकर्ता शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को रोकते हैं तो इससे यही साबित होता है कि मंत्री वी.एन. वासवन कुछ छिपा रहे हैं।

# 'पेपर लीक प्रदेश' बन गया है उत्तराखंड: रावत

देहरादून (वार्ता)

यूकेएसएसएससी पेपर लीक और एकल जांच समिति की रिपोर्ट को लेकर उत्तराखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उत्तराखंड पेपर लीक प्रदेश बन गया है। उन्हें पहले से अंदेशा था कि यह परीक्षा रद्द होने जा रही है, क्योंकि शुक्रवार को कुछ विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर मुलाकात की थी। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार परीक्षा से ठीक पहले ऐसा माहौल क्यों बनाती है जिससे परीक्षार्थियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस तरह आईपीएल और अन्य खेलों में लीग मैच होते हैं, उसी तरह अब उत्तराखंड में 'पेपर लीक लीग' हो रहा है। आयोजन राज्य सरकार कर रही है और मुख्यमंत्री उसके मुख्य अभिनेता हैं। भाजपा सरकार में हर परीक्षा के साथ पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, भर्ती परीक्षाओं को निष्पक्ष तरीके से कराने में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है।बेरोजगार युवा दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, तो दूसरी ओर सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण उनके सपनों पर बार-बार पानी फिर रहा है। आने वाले समय में एक बार फिर नया परीक्षा कैलेंडर जारी होगा, लेकिन परीक्षार्थी खुद को ठगा हुआ महसूस करेंगे क्योंकि सरकार ने अब तक पिछली परीक्षाओं के दोषियों पर भी ठोस कार्रवाई नहीं की है।

# भाजपा के लोग मुंह से स्वदेशी लेकिन मन से विदेशी : अखिलेश

नयी दिल्ली, (वार्ता)

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जीएसटी दरों में संशोधन के बाद केंद्र और प्रदेश सरकार के स्वदेशी अपनाने के नारे पर निशाना साधते हुए कहा कि विदेशी कंपनियों को बुलाकर पूरा बाजार उनके हाथ में दे दिया जा रहा है। भाजपा के लोग स्वदेशी की बात करते हैं, ये मुंह से स्वदेशी और मन से विदेशी हैं। अगर इनको देश का व्यापार बचाना है या स्वदेशी अपनाना है, तो चीन जैसे देश से सबसे ज्यादा व्यापार क्यों हो रहा है? पूरा इलेक्ट्रानिक बाजार उनके हाथ में दे दिया है। समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनको पुष्पांजलि देते हुए सपा प्रमुख ने आगे कहा कि खाद के लिए किसानों और उनके परिवार के लोगों की जान जा रही है। सरकार न गन्ने की कीमत दे पा रही है और न महंगाई को रोक पा रही है। महंगाई इसलिए नहीं रोक पा रहे हैं, क्योंकि यह लोग उद्योगपतियों से मिलकर मुनाफा कमाना चाहते हैं। जब महंगाई कमाएंगे तो महंगाई कैसे कम होगी? जिनको ये ज्यादा मुनाफा कमाने देंगे, उनसे चुनावी चंदा मांगेंगे क्योंकि चुनावी चंदा से ही ये बिहार जीतेंगे। चुनावी चंदा ही यह यूपी में खर्च करेंगे। सपा बहुत जल्द कानून व्यवस्था को लेकर जिन दलितों और जनता को परेशान किया गया है, और जिलों में भाजपा ने जो जमीनें कब्जायी हैं, उसकी भी सूची तैयार करेगी। कानपुर तो एक उदाहरण है, जहां एक लेखपाल का सौ करोड़ रुपये का मामला मिला है। इस मामले में कई अधिकारी शामिल हैं। सुभाषपा के बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 52 प्रत्याशी उतारने की चर्चाओं पर ओम प्रकाश राजभर का नाम लिये बिना कहा कि हीरो के साथ भी एक साइड हीरो, विलेन के साथ भी एक साइड विलेन होता है। कई बार यह साइड विलेन फेमस हो जाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह के घुसपैठ के कारण मुस्लिम आबादी बढ़ने के बयान पर अखिलेश ने कहा कि भाजपा के पास सब फर्जी आंकड़े हैं। हमारे यूपी में भी घुसपैठिए हैं, मुख्यमंत्री भी घुसपैठिए हैं।

## चुनाव आते ही घुसपैठिए याद आते हैं, खत्म होते ही गायब हो जाते हैं : पवन खेड़ा

रांची, (वार्ता)। कांग्रेस पार्टी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा आज विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सेवा विमान से झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, संयोजक सतीश पाल मुंजिनी और प्रवक्ता डॉ. एम. तौसीफ ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका से स्वागत किया। श्री खेड़ा ने कहा कि जब-जब चुनाव होते हैं, तब-तब घुसपैठिए याद आते हैं, और चुनाव खत्म होते ही वे गायब हो जाते हैं। चाहे झारखंड हो, बिहार हो या बंगाल - घुसपैठियों के लिए सीधे तौर पर केंद्र की सरकार और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका के टेनेसी में सैन्य संयंत्र में विस्फोट में 16 लोगों की मौत

न्यूयॉर्क, (वार्ता)

अमेरिका के टेनेसी में शुक्रवार को एक सैन्य संयंत्र में हुए विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालाँकि विस्फोट में कोई भी जीवित नहीं बचा है। टेनेसी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विस्फोट सैन्य विस्फोटकों के उत्पादन वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स, एलएलसी में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 7:45 बजे नैशविले, टेनेसी के दक्षिण-पश्चिम में हुआ। विस्फोट के कारणों की जाँच अभी जारी है। विज्ञप्ति के अनुसार काफी मात्रा में मलबे और विस्फोटक पदार्थों की संभावित उपस्थिति के कारण प्रतिक्रिया अभियान धीरे-धीरे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा है। एजेंसी ने कहा कि अस्थिर या खतरनाक पदार्थों के सुरक्षित निपटान के लिए समय-समय पर नियंत्रित विस्फोट किए जाएँगे। विस्फोट के परिणामस्वरूप जन स्वास्थ्य या सुरक्षा को कोई ज्ञात खतरा नहीं है। हालाँकि जनता से उस क्षेत्र में जाने से बचने का आग्रह किया गया है। एक्यूरट एनर्जेटिक सिस्टम्स ने घटना से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक सहायता केंद्र स्थापित किया है, जो जानकारी, भावनात्मक समर्थन और अन्य संसाधन प्रदान करता है। एजेंसी ने कहा कि वह स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन कार्यों में सहायता के लिए पानी के पैलेट, संचार उपकरण और कर्मियों सहित रसद सहायता प्रदान करना जारी रखे हुए है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र निरंतर समन्वय में सहायता के लिए पूरी तरह सक्रिय है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# देश में मानसिक स्वास्थ्य क्रांति! दीपिका बनीं केंद्रीय मंत्रालय की दूत

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने द लिव लव लाफ फाउंडेशन की संस्थापक, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना पहला मानसिक स्वास्थ्य राजदूत नियुक्त किया है। इस पहल के साथ, मंत्रालय ने देश में मानसिक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी को और अधिक प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।



इस अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, जे.पी. नड्डा ने कहा, दीपिका पादुकोण के साथ यह साझेदारी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने, कलंक को कम करने के लिए चर्चाओं को सामान्य बनाने और मानसिक स्वास्थ्य को जन स्वास्थ्य के एक अभिन्न अंग के रूप में उजागर करने में मदद करेगी। दीपिका पादुकोण ने कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहली मानसिक स्वास्थ्य राजदूत के रूप में सेवा करने पर मुझे बेहद गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। मैं इस गति को बनाए रखने और हमारे देश के मानसिक स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने के लिए मंत्रालय के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूँ। अपनी नई भूमिका में, दीपिका मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेंगी- 1. मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कलंक-मुक्ति के प्रयासों को बढ़ावा देना। 2. मदद मांगने वाले व्यवहार और निवारक प्रयासों को प्रोत्साहित करना। 3. टेली मानस (राज्यों में टेली-मानसिक स्वास्थ्य सहायता और नेटवर्किंग) और अन्य सरकारी-अनुमोदित मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों को बढ़ावा देना। वह समान मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पहुँच के लिए अन्य रणनीतिक हस्तक्षेपों के निर्माण में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ भी सहयोग करेंगी। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब सुश्री पादुकोण के धर्मार्थ ट्रस्ट, द लिव लव लाफ फाउंडेशन ने अपनी सेवा और प्रभाव के 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारत मानसिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत कर रहा है और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक न्यायसंगत, किफायती और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, नड्डा ने राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) के लिए कई पहल की शुरूआत की, जिसमें बहुभाषी यूआई(यूजर इंटरफेस), चैटबॉट, सुगम्यता और टेली मानस ऐप में आपातकालीन मॉड्यूल जैसे संवर्द्धन शामिल हैं। टेली मानस ऐप अब अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। इन भाषाओं में असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, उड़िया और पंजाबी शामिल हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि (अभिनेत्री) दीपिका पादुकोण को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य दूत नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय पैरोकार के रूप में उनकी भागीदारी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को सरकार द्वारा अनुमोदित मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के माध्यम से समय पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायता करेगी।



# कार्तिक, अभिषेक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, आलिया भट्ट को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार की रात 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन अहमदाबाद में हुआ। इस अवॉर्ड को शाहरुख खान, करण जौहर और मनीष पॉल ने मिलकर होस्ट किया। फिल्मफेयर अवॉर्ड इवेंट में सबसे ज्यादा जलवा 'लापता लेडीज' का रहा। फिल्म ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए। कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया है।फिल्म चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन और %आई वॉन्ट टू टॉक% के लिए अभिषेक बच्चन को यह अवॉर्ड मिला।आलिया भट्ट को फिल्म %जिगरा% के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्फेयर अवार्ड दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का क्रिटिक्स अवार्ड्स राजकुमार राव को फिल्म श्रीकांत जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का क्रिटिक्स अवार्ड प्रतिभा रांटा को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार रवि किशन को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया। इसी फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरसकर छाया कदम को मिला।सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार लापता लेडीज को मिला। इसी फिल्म के लिये किरण राव को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया।सर्वश्रेष्ठ फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स) का पुरस्कार आई वांट टू टॉक के लिये शूजीत सरकार को मिला। सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता का पुरस्कार लक्ष्य को फिल्म किल के लिये दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ डेब्यू महिला अभिनेत्री का पुरस्कार नितंशी गोयल को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया।सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक का पुरस्कार कुणाल खेमू को मडगांव एक्सप्रेस और आदित्य सुहास जांभले को आर्टिकल 370 के लिये दिया गया।

# 25 बहादुर मांएं और अनुपमा ने स्टार परिवार के 25 साल होने के मौके पर किया खूबसूरत डांस



स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2025 के अवसर पर अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने 25 असली माताओं के साथ खास परफॉर्मेंस दिया, जो अवॉर्ड शो को दिल से दी गई ट्रिब्यूट जैसा था। स्टार प्लस ने इस साल 25 साल पूरे कर लिए हैं और अपने शो और कलाकारों का जश्न स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2025 के साथ मनाया। 25 वीं सालगिरह के मौके पर किया गया यह कार्यक्रम बड़ा और खास था, जिसमें शानदार परफॉर्मेंसेस, मज़ेदार पल और दिल को छू लेने वाली मुलाकातें देखने को मिलीं। स्टार प्लस के सबसे बड़े स्टार्स मंच पर अपनी यादगार परफॉर्मेंसेस से सबको बहुत खुश कर गए। इस मौके पर एक खास पल वो था जब रूपाली गांगुली ने 25 असली माताओं के साथ खास परफॉर्मेंस दिया, जो अवॉर्ड शो को दिल से दी गई ट्रिब्यूट जैसा था। यह और भी खास था क्योंकि इन महिलाओं ने जीवन में मुश्किलें झेली हैं, अपने सपनों, परिवार और खुद से जुड़ी चुनौतियों को संतुलित किया है, और साथ ही अनुपमा के किरदार में रूपाली के ऑन-स्क्रीन जोश से भी प्रेरणा ली है। इन प्रेरक मांओं में से एक हैं निखिता जोशी, एक कथक डांसर, जिन्होंने डांस का अपना जुनून फिर से जगाया और नई ऊंचाइयों तक पहुंची हैं। दीपाली सारस, एक शादीशुदा युवती हैं, जिन्होंने अपने पति के प्रोत्साहन और अनुपमा से प्रेरणा लेकर डांस से अपने प्यार को आगे बढ़ाया, अपने डांस रील्स के जरिए वह सोशल मीडिया सेंसेशन बन गईं। वहीं, पूर्ति कोठारी ने टीवी पर परफॉर्म करने का सपना देखा, जबकि आकांक्षा देसाई, एक डांस एंटरप्रेन्योर और सिंगल मॉम हैं, जो तीन स्टूडियो चलाती हैं और सिल्वर बटन जीत चुकी यूट्यूब चैनल की मालिक हैं। उन्होंने अपने जीवन को धैर्य और रचनात्मकता के साथ दोबारा बनाया है। श्रद्धा शाह, जो शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण और ऑटिस्टिक बच्चों के लिए डांस थेरेपिस्ट और परिवार की इकलौती कमाने वाली महिला भी हैं, उन्हें अनुपमा की जैसी कहा गया है। इसके अलावा, 20 दूसरी असली मांओं ने भी अवॉर्ड समारोह में अनुपमा के साथ परफॉर्म किया। इन मांओं के लिए रुपाली के साथ स्टेज शेयर करना सिर्फ परफॉर्म करने भर नहीं था, बल्कि यह उनके लिए एक असल सपने की तरह था और उनके संघर्ष और मेहनत का जश्न भी था। उनका परफॉर्मेंस इस बात को खूबसूरती से दिखाया है कि अनुपमा दर्शकों के साथ कितना गहरा जुड़ाव और प्रेरणा रखती है, और यह शो उन महिलाओं को सम्मान देता है जिन्होंने शो के किरदार की तरह चुनौतियों को प्रेरणा में बदल दिया। यह एक भावुक श्रद्धांजलि थी, जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा और स्टार प्लस की 25 साल की शानदार कहानी कहने की यात्रा का जश्न मनाया।

# गाडरवारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 किलो गाँजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध ऑपरेशन च्ईगल क्लॉज्ज चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में थाना गाडरवारा पुलिस की टीम के द्वारा दिनांक 11/10/2025 की सुबह करीबन 11 बजे शनि मंदिर के पास कामती रोड गाडरवारा में संदेह के आधार पर बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल की आड़ में थैला रखे एक संदेही राहुल राजपूत पिता जीवन सिंह राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी तलापार,उदयपुरा थाना उदयपुरा जिला रायसेन के कब्जे से 05 किलोग्राम ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा जप्त किया गया है।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी राहुल राजपूत को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उसके विरूद्ध थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 8,20(ङ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल,प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत,वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे,अखिलेश पटेल,आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी,सुजीत बागरी,शिवम पटैल,दीपक राजपूत,करन सिंह की विशेष भूमिका रही ।



## बीमार व्यक्ति को नायब तहसीलदार ने एम्बुलेंस से पहुंचाया अस्पताल

**दमोह।**

गैसाबाद में एक असहाय व्यक्ति के बीमारी की हालत में होने की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवराम चढार ने एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से व्यक्ति को गैसाबाद से शनिवार सुबह 11 बजे हटा सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां उसका उपचार देखरेख जारी है। दरअसल मानसिक रूप से कमजोर और मूक बधिर बताया गया यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से गैसाबाद में होने की सूचना अधिकारियों को मिली थी जिसके परिजनों के बारे में कोई जानकारी नही मिलने पर नायब तहसीलदार ने समाजसेवियों के सहयोग से आज अस्पताल भेजा।

# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृति परीक्षा आयोजित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

रविवार को क्षेत्र के शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में इस सत्र की कक्षा 8 वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन सुबह 10-45 बजे से क्षेत्र के साईखेड़ा एवं चीचली विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईखेड़ा ब्लॉक के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 355 मे से 334 एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा मे 122 मे से 84 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी।

इसी प्रकार चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 331 में से 291,शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 179 मे से 174 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 179 मे से 177 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। विदित हो कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके थे । उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10-45 बजे से 12-30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12-30 बजे से 2-15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राओ ने हल किए। रविवार को सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने नगर के बीटीआई स्कूल के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा के आयोजन मे केंद्र अध्यक्षो प्राचार्य सुनीता पटैल, चंद्रकांत विश्वकर्मा,ए के रघुवंशी, भूपेश ठाकुर, जे आर सिउनिया एवं पर्यवेक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। परीक्षा मे अपने बच्चों को शामिल कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक ग्रामवासी परीक्षा शुरू होने के पहले ही केंद्रों पर आ गए थे। परीक्षा उपरांत केंद्रों से बाहर निकल रहे छात्र छात्राओं मे कही खुशी तो कही निराशा का माहौल देखा गया।

## प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान : अरूण यादव

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव का जिला कांग्रेस कार्यालय नरसिंहपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। श्री यादव ने संगठन संबंधित चर्चा की। कांग्रेसजनों से व्यक्तिगत रूप से भी चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान है। महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी लोगों का जीवन दूभर किए हुए है। श्री यादव ने मतदाता सूची संशोधन कार्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा वोट चोरी कर चुनाव जीतती है। उक्त मौके पर विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, अर्चना राय, मीना शाह के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।




# नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभिमान 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। रविवार की सुबह शासकीय चिकित्सालय में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने पल्स पोलियो की बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो दवा अपने 0 से 5 साल के बच्चे को अवश्य पिलाये । इस मौके पर भाजपा नेत्री बसंती पालीवाल, नगर पालिका सभापति सुरेंद्र गुर्जर, रोगी कल्याण समिति के अरुण बड़कुर ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग ,नगर पालिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम बेहतर तरीके से अभियान को सफल बनाये और कोशिश यह रहे की कोई भी 0 से 5 साल का बच्चा पल्स पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। इस मौके पर चिकित्सालय प्रभारी उपेंद्र वस्त्रकार, पल्स पोलियो नोडल अधिकारी डॉ विजय ठगेले, सेक्टर सुपरवाइजर यू एस पटेल, बृजेश राजपूत, मेघराज राजपूत सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता सहित चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## बजरंग वार्ड में बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)**

नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज महाराज और कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय सचिव श्री दलपत सिंह कुशवाहा,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय दुबे, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्री रोहित पटेल, प्रदेश महासचिव श्री अतुल चौरसिया, श्री आकाश नामदेव, ने रविवार को बजरंग वार्ड 17 में बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। श्री अस्सू नेमा नें बताया की इस अभियान के तहत जिले के सभी सभी पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। यह अभियान जिले में 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम एएनएम शबाना खान एवं वार्ड के बड़ी सख्या स्थानीय जन मौजूद रहे।

## विधायक ने किया बजरिया चौकी का किया शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)**

दमोह विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में दमोह शहर के बजरिया चौकी चौकी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने चौकी प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, संजय सेन, मनीष तिवारी, पार्षद कविता राय, रमन खत्री, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, चौकी प्रभारी राकेश पाठक खासतौर पर मौजूद थे।

# व्याख्याता मनोज जैन की स्मृति में दो पौधे रोपे

**हटा (स्वतंत्र मत)**

ख्यातिप्राप्त चित्रकार और सेवानिवृत्त व्याख्याता मनोज जैन का निधन हो गया था, उनके दोनों बेटों और दोनों भाइयों ने मनोज जैन द्वारा घर में रोपित बरगद और पारिजात के पौधे मुक्तिधाम में मोक्ष पार्क में रोपित किये। भाई राजेश जैन संजय जैन और पुत्रो ने भावपूर्ण माहौल में रिस्तेदारो परिजनों और मित्रों की उपास्थिति में पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया और कहा कि स्व. जैन पूरे जीवनकाल पौधों का सरक्षण करते रहे यह दोनों उनकी स्मृति ताजा रखेगी।



## केशवाही की घटना पुलिस की विफलता

**शहडोल।** जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा है कि, जिले के केशवाही मे माँ दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हुई घटना का उग्र रूप ले लेना मात्र पुलिस विभाग की विफलता का नतीजा है। केशवाही की घटना मे पुलिस विभाग द्वारा उचित समय पर सही निर्णय न लेने के कारण इस घटना ने इतना बड़ा रूप ले लिया। अगले बंद और विरोध प्रदर्शन का आव्हान किया तब भी पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने किसी भी तरह का सार्थक प्रयास नहीं किया,यदि पुलिस विभाग द्वारा सही समय पर उचित कार्रवाई करते हुए दोनो पक्षों को बैठा कर बातचीत की जाती तो यह घटना क्रम इतना बड़ा रूप नहीं लेता ।

# लोकतंत्र सेनानी संघ ने जेपी नारायण को दी पुष्पांजलि



**दमोह।** अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ जिला दमोह द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायाण की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दमोह विधायक जयंत मलैया रहे। जिलाध्यक्ष निपुण खरे एवं अशोक भारती ने जेपी नारायण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारायण जी एक स्वतंत्रता सेनानी थे लेकर 1975 के आपातकाल में उन्हें जनता को तानशाह सरकार के विरूद्ध जन आंदोलन किया।

कार्यक्रम में अमृतलाल चौरसिया, श्याम जड़िया, हेमराज अहिरवार, धनिराम अहिरवार, राजीव, अमर सिंह, रमेश, जमना, सुरेन्द्र परिहार, मोहन, रामनारायाण, रीतेश सोनी आदि की उपस्थिति रही।

# आर्य समाज मंदिर की यज्ञशाला में हवन पूजन पाठ

## वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)**

प्रति रविवार की भांति रविवार को भी चौकसे हॉस्पिटल के पास आर्य समाज मंदिर की वैदिक यज्ञशाला में हवन पूजन पाठ किया गया।

साथ ही सत्संग में अनेक वक्ताओं ने विचार रखे और आर्य समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यों और संगठन संबंधी चर्चा की। आर्य समाज के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से पंडित राम मनोहर तिवारी द्वारा दान में दी गई जगह पर स्थित मंदिर में यह पूजा पाठ किया जाता है और प्रति रविवार को सत्संग होता है तथा हवन किया जाता है।



# एक युवक के पैर धुलवा कर दूसरे युवक को पिलाया पानी

## शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**दमोह (स्वतंत्र मत)**

पंचायत बुलाकर एक युवक से दूसरे युवक के पैर धुलवाए गए और उसे वही पानी पिलाया गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मामला दमोह के पटेरा थाना अंतर्गत सतरिया गांव का है। यहां पंचायत ने शराबबंदी लागू की है। कुछ दिन पहले गांव का अनुज उर्फ अन्नू पांडे शराब बेचते और पीते पकड़ा गया था।

गांव के ही दूसरे युवक ने अन्नू का एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर किया था, जिसमें वो जूते की माला पहना नजर आ रहा था। इस पर गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ता देख युवक ने पोस्ट डिलीट कर दी। सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली लेकिन बात नहीं बनी। 10 अक्टूबर को पंचायत बुलाई गई। वीडियो शेयर करने वाले युवक से सवाल.जवाब हुए। उसे शराब बेचने वाले युवक अन्नू के पैर धोकरए वही पानी पीने की सजा सुनाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिकए युवक ने भरी सभा में अन्नू के पैर धोए फिर वही पानी पिया था। पैर धोने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले के तूल पकड़ते ही अन्नू पांडे ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा कल जो वीडियो सामने आया है, उसे ओबीसी समाज के लोग राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं। ऐसा कुछ नहीं है। हमारा गुरु शिष्य का रिश्ता हैए इसी के कारण उसने खुद अपनी इच्छा से हमारे पैर धोए थे।



### सोशल मीडिया पर वीडियो किया जारी


अन्नू ने वीडियो में आगे कहा अगर कुशवाहा समाज को हमारे पैर धुलवाने से दिक्कत हो रही है तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं। शनिवार को ही पीड़ित युवक ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा कुछ लोग इसे सामाजिक मुद्दा बना रहे हैं। मैंने गलती की थी और उसके लिए माफी भी मांगी है। जिनके पैर मैंने धोए वे हमारे पारिवारिक गुरु हैं इसलिए मैंने ऐसा किया। युवक ने इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाने की अपील की है।

साथ ही कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी से वीडियो हटाने और किसी पर भी कार्रवाई न करने को भी कहा है लेकिन कुशवाहा समाज ने से गंभीर अपराध मानते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन सौंपा है। टीआई सरोज सिंह ने बताया कि छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है हालांकि अभी उनके नाम नहीं बताए गए हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपेक्षा से अपेक्षा तक पहुंचा है समाज परिवर्तन में संघ की महती भूमिकाः गंगा राजीव

## संघ शताब्दी वर्ष में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर कटनी नगर का हुआ एकत्रीकरण एवं संचलन





कटनी (स्वतंत्रमत)

भारत में अनादि काल से धर्म अधर्म का संघर्ष रहा है, सदा धर्म की विजय हुई है, संघर्षो में सदा विजय प्राप्त करने वाले भारत में राष्ट्रीय चरित्र के हनन के कारण अपनों के कारण गुलामी का दंस झेलना पडा, डॉ हेडगेवार जिनके अंदर बाल्यकाल राष्ट्र के लिये समर्पण था, आजादी और समाज सुधार आंदोलनो में भाग लेकर और धर्म का प्रचार करके, यह जाना की समाज में चेतना तो जाग रही है पर समाज पूरी तरह से नहीं बदल रहा है, भारत स्वतंत्र तो हो जाएगा किंतु भारत की आजादी अक्षुण्ण रहे इस हेतु हिंदू समाज को संगठित कर, हिंदू समाज में व्यापत आत्मविस्मृति को दूर कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की आवश्यकता है, उन्होंने देखा कि समाज निर्माण की क्रिया में किसी के पास समय नहीं था इसलिए उन्होंने स्वयं पहल करी। विजयादशमी के दिन 17 स्वयंसेवकों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रारंभ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपेक्षा से अपेक्षा तक पहुंचा है, प्रारंभ में संघ और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को सिरे से नकार दिया गया, बाद में संघ का घोर विरोध हुआ, फिर स्वीकारता का युग आया और अब समाज संघ से अपेक्षा कर रहा है। समाज में परिवर्तन में संघ की महती भूमिका है, व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को लेकर के भारत पुनः परम वैभव के शिखर पर पहुंचे यह हमारा उद्देश्य है। इस पवित्र कार्य हेतुसंघ कार्य के शताब्दी वर्ष में सम्पूर्ण समाज को संघ के साथ मिलकर समाज परिवर्तन के लिये कार्य करने का आह्वान किया है, उक्त आशय के उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटनी नगर के विजयादशमी उत्सव के अवसर पर एकत्रीकरण एवं पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान गंगा राजीव जी पांडे, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद गुगालिया ने कहा कि स्वयं के पहले राष्ट्र, मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पद्धति है, आज मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि कटनी में इतने अनुशासित रूप से स्वयंसेवकों ने संचलन निकाला है एमंच पर विभाग संघचालक विपिन तिवारी, नगर संघ चालक किशोर ओचानी भी मंचासीन रहे। संचलन तीन स्थानों से प्रारंभ होकर फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में एकत्रीकरण के रूप में समाप्त हुआ। कटनी नगर के नागरिक जनों ने एवं मातृशक्तियों ने बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह अमित कनकने, विभाग समरसता प्रमुख केशव तोमर, जिला संघ चालक डॉ अमित साहू, जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी, जिला प्रचारक चंदन एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक जन उपस्थित रहे।

# हाइड्रा ने बुजुर्ग को कुचला अस्पताल में बुजुर्ग की मौत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत मस्तराम अखाड़ा के पास चाय पीने जा रहे 75 वर्षीय वृद्ध गुलवीर सिंह पिता निहाल सिंह को यहां से गुजर रही हाइड्रा क्रेन ने ठोकर मार दी। इस घटना में वृद्ध की मौत हो गई। मौके पर मृतक वृद्ध के परिजनो और स्थानीय लोगो ने हंगामा किया और पुलिस समझाइश के बाद वे माने, जिसके बाद वृद्ध के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है क्रेन ड्राइवर वृद्ध को ठोकर मार कर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे यहां मौजूद स्थानीय लोगो ने पकड़ा। पुलिस ने घटना को जांच में लिया है। बताया जाता है की रोड किनारे जा रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार क्रेन ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम, जिसमे आरक्षक व पायलट शामिल थे, मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। क्रेन को तुरंत जब्त कर कोतवाली थाना भेज दिया गया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार क्रेन नंबर यूपी ईटी 9080 का चालक सुशील कुमार है, जबकि क्रेन का मालिक पूरन सिंह बताया गया है। घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी मौत हो जाने की खबर सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 29.36 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 220 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त के तौर पर 29 करोड 36 लाख 19 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण किया। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष सहित जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आयोजित किया गया। जहां उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 679 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 85 लाख 18 हजार 450 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 586 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 93 लाख 79 हजार 500 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 566 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 57 लाख 2 हजार रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 935 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 38 लाख 48 हजार 750 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 940 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 16 लाख 68 हजार रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 136 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 29 लाख 13 हजार 400 रूपये अंतरित किये। वहीं नगरनिगम कटनी की 28 हजार 284 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 42 लाख 11 हजार 700 रूपये नगर परिषद बरही की 2 हजार 316 पात्र महिलाओं के खाते में 28 लाख 32 हजार 600 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 293 पात्र महिलाओं के खाते में 27 लाख 37 हजार 250 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 485 पात्र महिलाओं के खाते में 18 लाख 7 हजार 700 रूपये अंतरित किये गए।



# सतर्कता दिवस पर डीएवी सीएमसी मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली द्वारा मैराथन प्रतियोगिता रन फॉर डीएवी का हुआ आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

सतर्कता दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी सीएमसी नई दिल्ली के तत्वावधान में मैराथन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कटनी शहर स्थित चांडक चौक से जेपीवी विद्यालय परिसर तक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जमुना प्रसाद विश्वकर्मा डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य डीएवी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में विभाजित थी। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री एसके सिन्हा की अध्यक्षता एवं कैमोर डीएवी के प्राचार्य जीके उदगाता, डीएवी विद्यालय कोटेश्वर के प्राचार्य शिवेंद्र श्रीवास्तव, डीएवी केलड्रीज की प्राचार्या संजना मधुकर, डीएवी उकवा के प्रधानाचार्य मनीष सिंह की उपस्थिति एवं डीएवी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग में पूर्ण हुआ। मैराथन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ड्रोन कैमरे के द्वारा विद्यार्थियों की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया अपने जोश व अनुशासन से विद्यार्थियों ने सतर्कता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी संस्था न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता को भी समान महत्व देती है। उन्होंने सतर्कता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर कटनी पुलिस प्रशासन के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। जिन्होंने जगह जगह अपनी सेवाएं प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भामिका निभाई। इस आयोजन ने छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और सतर्कता की भावना को सशक्त किया।






# ढीमरखेड़ा पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर




कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक कटनी जिला कटनी अभिनव विश्वकर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थों के व्यापार में लगे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में लगे दो व्यक्तियों के कब्जे से 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा एंव एक मोटर सायकिल को जप्त किया गया है। घटना का सक्षिप्त विवरण 11 अक्टूबर को ग्राम कटरा बेलकुंड नदी घाट के ऊपर रोड के पास दो व्यक्तियों को संदेह होने से पकड कर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम ध्रुप सिंह पिता देव सिंह गोंड उम्र 35 साल, मुकेश पिता वीरेन्द्र सिंह गोंड उम्र 30 साल दोनो निवासी ग्राम कटरा के रहने वाला बताये पूछताछ में संतोषजनक उत्तर नही दे सके उनके अधिपत्य में रखी प्लास्टिक की पौलोथीन की तलाशी ली गई उसमें कुल 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ एवं घटना में प्रयुक्त बजाज कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमएस 8133 को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क 419/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अभिषेक चौबे, सउनि जयंचद उईके, आर. पंकज सिंह, आर. अजय सिंह, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. रंजीत सिह, आर डुमनदास का विशेष योगदान रहा

# अस्पताल से अचानक गायब हुई बालिका

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता के चलते एक 5 वर्षीय अबोध बालिका सुरक्षित परिजनों के पास पहुंच गई। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बरछेका निवासी मनीष साहू अपनी पत्नी एवं 5 वर्षीय पुत्री के साथ शासकीय अस्पताल में इलाज कराने आए। अस्पताल परिसर में अत्यधिक भीड़भाड़ होने के कारण उनकी पुत्री मिष्ठी साहू अचानक भीड़ में गुम हो गई। परिजनों ने अस्पताल परिसर में काफी तलाश किया मगर बच्ची कहीं पता नहीं चला। घटना की सूचना थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को प्राप्त होते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पुलिस स्टाफ को तत्काल अस्पताल भेजा तथा बालिका की खोजबीन एवं दस्तयाबी के लिए टीम को लगाया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सर्च के दौरान शासकीय अस्पताल परिसर बाहर बालिका को रोते हुए घूमते देखा गया। पूछताछ करने पर बालिका ने अपना नाम मिष्ठी साहू बताया। तत्पश्चात कोतवाली पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया। मिष्ठी साहू के सकुशल मिलने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस कड़ी तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय पहल की सराहना करते हुए समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# आत्मनिर्भर भारत की नींव बनेगा स्वदेशी अभियान

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भाजपा जिला कार्यालय में मुड़वारा विधानसभा में चलने वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, जीएसटी सुधार, सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करने के लिए जन जागरण अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चल रहा है। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा जीएसटी में किए जा रहे आगामी सुधारों और आत्मनिर्भर भारत अभियान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इस त्योहारी सीजन में सभी स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लें सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मूलमंत्र को अपनाएं और इसे अपने जीवन में अपनाए। उन्होंने कहा कि इस अवधि में जिले के प्रत्येक मंडल और शक्ति केंद्र पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रम जैसे छोटे दुकानदारों को बढ़ावा देने, स्वदेशी मेले, निबंध व भाषण प्रतियोगिताएं, महिला एवं युवा सम्मेलन, पदयात्राएं और प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। जिला महामंत्री, सुनील उपाध्याय, उपाध्यक्ष रवि खरे, आशीष गुप्ता बाबा, अंकिता तिवारी, विजय गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यक्रमों के मंडलों के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहे।



# मां ने डांटा तो बुआ के घर मुंबई पहुंची बालिका पुलिस ने वापस कटनी लाकर परिजनों को सौंपा

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा नाबालिग बालक, बालिकाओं के गुमशुदगी संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे मामलों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर बालक, बालिकाओं की सकुशल दस्तयावी ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 6 अक्टूबर को थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी 16 वर्षी है बेटी बिना बताए घर से लापता है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, न तो वह स्कूल पहुंची और न ही घर वापस लौटी। फरियादिया को संदेह था कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। महिला की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा परिजनों, आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर स्कूल परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा बालिका की तलाश हेतु सतत प्रयास किए गए। तलाश के दौरान सूचना मिली कि नाबालिग बालिका मुंबई स्थित अपनी बुआ के घर गई है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संपर्क स्थापित कर बालिका को सकुशल कटनी वापस लाया। 11 अक्टूबर को बालिका को दस्तयाव कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय द्वारा बालिका की काउंसलिंग की गई। पूछताछ में बालिका ने बताया कि मां के डांटने से नाराज होकर वह बिना बताए ट्रेन से मुंबई अपनी बुआ के पास चली गई थी।



# अब शाम होते ही गुलाबी ठंड का अहसास

## दीवाली के पहले बदल रहा मौसम, पारे में गिरावट

कटनी (स्वतंत्रमत)

मानसून अब धीरे धीरे विदा हो रहा है और ऐसे में ज्यादातर हिस्सों में तापमान में गिरावट के साथ ठंडी और ताजगी भरी हवाओं ने लोगों को राहत पहुंचाई है। बुंदेलखंड व महाकौशल क्षेत्र जबलपुर खजुराहो शहडोल संभाग के शहरों में न्यूनतम तापमान तेजी से गिरा है, हालांकि एमपी से अभी मानसून पूरी तरह से विदा नहीं हुआ है पर गुलाबी ठंड का असर शुरू हो गया है। कटनी समेत कई शहरों में पारा 22 डिग्री से नीचे है। जबलपुर, खजुराहो, शहडोल संभाग के शहर सबसे ठंडे हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, कटनी सहित कुछ अन्य संभाग में भी पारा खासा लुढ़क गया है। मौसम विभाग से संदीप चंद्रवंशी ने बताया की जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों में बर्फवारी की वजह से हवा का रुख बदला है। उत्तर से ठंडी हवा आने से मध्यप्रदेश में भी ठंडक बढ़ी है। एमपी के 22 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। राजगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 15.5 डिग्री, भोपाल में 18 डिग्री, और जबलपुर में पारा 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो कही-कही, बारिश का दौर भी चल रहा है।

**तीन दिन तक पूर्वी हिस्से में हो सकती है बूंदाबांदी**- मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक पूर्वी हिस्से के जिलों में बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 14 अटूबर को कहीं-कहीं बारिश होने के आसार है। पूर्वी हिस्से के तीन जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है।

**40 से ज्यादा जिलों से मानसून लौटा**- प्रदेश से मानसून की वापसी शुरू हो गई है। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, सागर, भोपाल जबलपुर समेत 30 से अधिक जिलों से मानसून लौट गया शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, जबलपुर आदि जिलों से भी अगले एक5दो दिन में मानसून लौट जाएगा। इससे पहले 12 जिले-ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम से मानसून पूर हो चुका है।



# फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 173 रन बनाये

## कैम्पबेल और होप ने अर्धशतक लगाकर पारी संभाली

नई दिल्ली।

भारतीय टीम ने मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी अपना शिकंजा कस दिया है। दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 173 रनों के अंदर ही दो विकेट गंवा दिये। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैम्पबेल 87 रन पर जबकि शे होप 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में मेहमान टीम अब भी 97 रन से पीछे है। भारतीय टीम ने पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित की थी। वहीं वेस्टइंडीज टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 248 रनों पर ही सिमट गयी थी। इससे भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त मिल गयी थी।




दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम शुरुआती झटकों के बाद संभली। शाई होप और जॉन कैंपबेल ने भारतीय गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। वहीं इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव के पांच विकेट से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर समेट दिया। कुलदीप यादव के अलावा रवींद्र जडेजा को 3 और बुमराह-सिराज को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टी ब्रेक तक 2 विकेट खो दिए। वेस्टइंडीज ने तीसरे सत्र में अच्छा खेल दिखाया। कैम्पबेल ने अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में किसी भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज का पहला अर्धशतक था। वहीं इससे पहले भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल 175 और शुभमन गिल के नाबाद शतक 129 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 518 रन बनाए थे।

# यू मुम्बा के खिलाफ जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे यूपी योद्धाज

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में आज होगा मुकाबला

**नयी दिल्ली।** लगातार दमदार प्रदर्शन और रणनीतिक सूझबूझ की झलक दिखाने के बाद यूपी योद्धाज अब प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 13 अक्टूबर को यू मुम्बा से भिड़ेंगे। यह मुकाबला एक बार फिर रोमांच से भरपूर होने का वादा करता है। हालिया नतीजे भले ही टीम के प्रयासों को पूरी तरह नहीं दर्शा पा रहे हों, लेकिन योद्धाज एक ऐसी कबड्डी शैली गढ़ रहे हैं जिसमें अनुशासन, आत्मविश्वास और अनुकूलन की झलक साफ दिखती है।गुजरात जायंट्स के खिलाफ दो अंकों से मिली करीबी हार, जहां गुमान सिंह ने 14 अंकों की शानदार रेडिंग दिखाई और डिफेंस ने भी अनुशासन बनाए रखा, इस बात का संकेत थी कि टीम अपने मुकम्मल प्रदर्शन के करीब पहुंच रही है।लीग के निर्णायक चरण में प्रवेश करते हुए यूपी योद्धाज अब इन करीबी मुकाबलों को जीत में बदलने की दिशा में अग्रसर हैं।मुख्य कोच जसवीर सिंह और सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने टीम में एक संयमित लेकिन आक्रामक सोच विकसित की है, जो दबाव की परिस्थितियों में भी टिके रहना जानती है




और हर मैच से सीख रही है।टीम की वापसी में सबसे आगे हैं गुमान सिंह, जिनका हालिया फॉर्म प्रेरणादायक रहा है। उनके साथ भवानी राजपूत और गगन गौड़ा की जोड़ी मिलकर एक ऐसा रेडिंग तिकड़ी बनाती है जो किसी भी मजबूत डिफेंस को तोड़ने में सक्षम है।उम्मीद है कि यह तिकड़ी मैच की शुरुआत से ही यू मुम्बा के कॉर्नर खिलाड़ियों पर दबाव बनाए रखेगी और पूरे खेल में तेज रफ्तार बनाए रखेगी। डिफेंस में सुमित सांगवान, आशीष सिंह, हितेश और महेंद्र सिंह की जोड़ी लगातार सामंजस्य बिठा रही है। हितेश का सटीक टाइमिंग और सुमित की लीडरशिप ने योद्धाज को निर्णायक पलों में संयम बनाए रखने में मदद की है। यह बात संतुलित मुम्बा टीम के खिलाफ अहम साबित हो सकती है।

# रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रहेंगी सबकी निगाहें

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट के हिटमैन रोहित शर्मा पर एक बार फिर पूरी क्रिकेट दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। टीम इंडिया की कप्तानी छिनने के बावजूद उन्होंने अपने खेल और फिटनेस पर पूरा ध्यान केंद्रित किया है। सूत्रों के मुताबिक, रोहित ने पिछले कुछ महीनों में करीब 15 किलो वजन घटाया है और अब पहले से कहीं अधिक फिट और फुर्तीले नजर आ रहे हैं। उनकी यह नई ऊर्जा और समर्पण बताती है कि वह अब भी मैदान पर कुछ साबित करने के इरादे से उतरने वाले हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरा रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह श्रृंखला उनके लिए करो या मरोज्ज्



जैसी साबित हो सकती है। यदि रोहित वहां शानदार प्रदर्शन करते हैं, तो चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस दौरे के बाद रोहित अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले सकते हैं।

हालांकि, उनके अनुभव, बल्लेबाजी की समझ और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए क्रिकेट विशेषज्ञ अब भी मानते हैं कि रोहित के पास टीम इंडिया को देने के लिए बहुत कुछ बाकी है।

टी20 प्रारूप में भी रोहित शर्मा को एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। उनका शांत स्वभाव, मैच सिचुएशन को समझने की क्षमता और टीम को संतुलित रखने की कला उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। कप्तानी भले ही उनसे चली गई हो, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के लिए अब भी प्रेरणादायक मानी जाती है। फिटनेस पर ध्यान देकर उन्होंने यह संदेश दिया है कि उम्र या पद नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाते हैं।

# जडेजा का लक्ष्य 2027 एक दिवसीय विश्वकप खेलना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे और उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना है। वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 3 विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा, मैं 2027 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हूं।

वहीं उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह इस प्रारुप के लिए चयन समिति के पसंदीदा नहीं रहे। वहीं ये भी कहा गय कि अब उन्हें केवल लंबे प्रारुप में ही जगह मिलेगी। वहीं जडेजा ने इन सभी संभावनाओं को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा, च्च्यह मेरे हाथ में नहीं है कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं। उन्होंने मुझे ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहने का कारण बताया था पर मेरा ध्यान इस प्रारुप पर बना हुआ



है। जब भी अवसर मिलेगा मैं अपनी ओर से अच्छा प्रदर्शन करुंगा। जडेजा ने यह भी कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य है। इससे पहले साल 2023 में टीम फाइनल में पहुंचकर भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। इसलिए उन्हें लगता है कि अभी च्च्कुछ अधूरा काम बाकी है। उन्होंने कहा, अगली बार जब मौका मिलेगा, मैं पूरी तैयारी के साथ उतरूंगा। पिछली बार हम थोड़ा पीछे रह गए थे, इस बार जो अधूरा रह गया, उसे पूरा करना चाहूंगा।

# अभिषेक पाल और सीमा भारतीयों में विजेता बने

नयी दिल्ली।

अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की।यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में से एक पर तुरंत प्रभाव डालते हुए प्रभावित किया।जीत के बाद, अभिषेक पाल ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ। सड़क बहुत अच्छी थी, बिल्कुल समतल और सीधी। मेरे भाई, जो अब मेरे कोच हैं, ने मुझे दौड़ में आगे बढ़ने का तरीका



बताया। लोग मुझसे कहते थे कि मैं पीछे से दौड़ता हूँ, लेकिन आज मैं शुरू से ही आगे निकल गया और अकेले दौड़ा। अब हम मेरी टाइमिंग सुधारने और उनके साथ ठीक से ट्रेनिंग करने पर काम करेंगे। अपने शानदार प्रदर्शन पर विचार करते हुए, सीमा ने कहा, मैं अच्छा महसूस कर रही हूँ, हालाँकि थोड़ी निराश भी हूँ क्योंकि मैं रिकॉर्ड से चूक गई। मेरे प्रशिक्षण को देखते हुए, मैंने बहुत अच्छा समय निकाला। दो-तीन महीने के उचित प्रशिक्षण के साथ, मुझे विश्वास है कि मैं अगली बार और बेहतर प्रदर्शन कर पाऊँगी।

# दाल, खाद्य तेल, चीनी के दामों में आया उछाल

## चावल-गेहूं के दामों में आई गिरावट



**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं की कीमतों में भी गिरावट देखी गयी।वहीं, चीनी, खाद्य तेल और दालों के भाव बढ़ गये।घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।गेहूं भी 26 रुपये सस्ता होकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।आटे की कीमत चार रुपये उतरकर सप्ताहांत पर 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।पाम ऑयल में भी 20 रुपये की तेजी रही।मूंगफली तेल 166 रुपये और सोया तेल 56 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।सूरजमखी तेल की कीमत 91 रुपये और वनस्पति की 79 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 14 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी।चना दाल की कीमत दो रुपये और मूंग दाल की 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।तुअर दाल 105 रुपये और उड़द दाल 82 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये।चीनी में भी 43 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे।

# दिवाली पर मोमबत्ती का बिजनेस कम निवेश में मुनाफे का सुनहरा मौका

नई दिल्ली।

दिवाली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और बाजार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगे हैं। अगर आप इस त्योहार पर अपना बिजनेस शुरू करने का सोच रहे हैं, तो मोमबत्ती (कैण्डल) का कारोबार आपके लिए बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है। भले ही इलेक्ट्रिक लाइट्स की बिक्री बढ़ गई है, लेकिन दिवाली पर रंग-बिरंगी मोमबत्तियों की मांग अभी भी जबर्दस्त रहती है। महज 10,000 रुपये के शुरुआती निवेश से आप कैंडल मेकिंग बिजनेस शुरू कर सकते हैं और मोटा मुनाफा कमा सकते हैं।

दिवाली पर घर के हर कोने को रोशन करने वाली मोमबत्तियों की मार्केट काफी बढ़ जाती है। त्योहारी सीजन में व्यापारी महज कुछ दिनों में अच्छी कमाई कर लेते हैं। कैंडल की मांग सिर्फ दिवाली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जन्मदिन, पार्टियों और धार्मिक आयोजनों के लिए सालभर बनी रहती है। आज यह बिजनेस सिर्फ छोटी दुकानों तक सीमित नहीं है, बल्कि रिटेल, थोक और ऑनलाइन मार्केट में भी धड़ल्ले



से बिक रहा है। छोटे स्तर पर इसे शुरू करने के लिए महज 10,000 से 15,000 रुपये निवेश की जरूरत होती है और आप इसे घर के किसी छोटे कोने से भी चला सकते हैं। इस बिजनेस में किसी महंगी मशीन की आवश्यकता नहीं होती। मोमबत्ती बनाने का मैटेरियल आसानी से मार्केट में उपलब्ध है। शुरुआत में आप सांचों का इस्तेमाल कर अलग-अलग डिज़ाइन की मोमबत्तियां बना सकते हैं। इसके लिए मोम, धागा, रंग और ईथर तेल की जरूरत होती है। सुगंधित मोमबत्तियां बनाने के लिए सेंट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इन सामग्रियों को स्थानीय बाजार या ऑनलाइन आसानी से खरीदा जा सकता है।

**दो से तीन गुनी कमाई का मौका**

जब बिजनेस बढ़ने लगे, तो आप ऑटोमैटिक मशीन खरीद सकते हैं। मैनुअल मशीन से प्रति घंटे 1800 मोमबत्तियां, जबकि फुली ऑटोमैटिक मशीन से प्रति मिनट 200 मोमबत्तियां तैयार की जा सकती हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध लोन या अन्य छोटे कारोबार लोन के जरिए बिजनेस को और बढ़ाया जा सकता है।

मार्केटिंग के लिए आप अपने प्रोडक्ट को स्थानीय दुकानों, थोक विक्रेताओं और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेच सकते हैं। शुरुआती निवेश में ही कमाई दोगुनी या तीन गुना हो सकती है। साधारण मोमबत्तियों पर 50 फीसदी, जबकि डेकोरेटिव या सुगंधित मोमबत्तियों पर 100-300 फीसदी तक मुनाफा कमाया जा सकता है। क्रिएटिविटी से इस बिजनेस में कमाई का दायरा और बढ़ाया जा सकता है। इस दिवाली, मोमबत्ती मेकिंग बिजनेस न सिर्फ कम निवेश में शुरू किया जा सकता है, बल्कि यह आपको लगातार बढ़ती मांग के साथ अच्छे मुनाफे का अवसर भी देता है।

# महिंद्रा कर रही ऑटो और ट्रैक्टर व्यवसाय को अलग करने पर विचार

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) कंपनी अपने मुख्य ट्रैक्टर, पैसेंजर व्हीकल और ट्रक बिजनेस को अलग-अलग इकाईयों में विभाजित कर सकती है। इस कदम का उद्देश्य व्यवसाय की संभावनाओं को उजागर करना,



मापनीयता बढ़ाना और प्रत्येक सेगमेंट के लिए अधिक केंद्रित रणनीतियों को अपनाना है। देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) एक बड़े रणनीतिक पुनर्गठन पर विचार कर रही है। इससे कंपनी को ऑटोमोटिव सेक्टर में स्थिर और दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह अभी शुरुआती इंटरनल डिस्कशन का दौर है और महिंद्रा ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है। वर्तमान में ये व्यवसाय समूह की प्रमुख कंपनी के अंतर्गत प्रभागों के रूप में काम कर रहे हैं।

पिछले पांच सालों में ऑटोमोटिव और कृषि उपकरण (एफईएस) दोनों प्रभागों ने मजबूत विकास दर्ज किया है, जिससे एसयूवी और ट्रैक्टरों में महिंद्रा का नेतृत्व और मज़बूत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय ध्यान ऑटोमोटिव व्यवसाय पर केंद्रित किया जा रहा है, क्योंकि कृषि उपकरण मानसून, ग्रामीण माहौल और सरकारी सब्सिडी नीतियों पर निर्भर रहते हैं, जबकि ऑटो व्यवसाय स्थिर और व्यापक विकास के अवसर प्रदान करता है। एनालिस्टों का अनुमान है कि महिंद्रा के वर्तमान शेयर मूल्य का लगभग दो-तिहाई हिस्सा केवल ऑटोमोटिव सेगमेंट से आता है। व्यवसायों के अलग होने से पूंजी आवंटन में तेजी आएगी और प्रत्येक यूनिट स्वतंत्र रणनीतियां बना सकेगी।

# अमेरिका-चीन तनाव, महंगाई आंकड़े और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल



### वैश्विक तनाव से बाजार में सतर्कता बढ़ी

### घरेलू महंगाई आंकड़ों और कंपनियों के नतीजों पर नजर

**मुंबई।** इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका-चीन व्यापार तनाव, घरेलू महंगाई के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घटनाएं निवेशकों की धारणा को निर्णायक रूप से प्रभावित करेंगी। अमेरिका और चीन के बीच शुल्क को लेकर बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई नैस्डैक 3.56 फीसदी, एसएंडपी 500 में 2.71 फीसदी और डॉव जोन्स में 1.90 फीसदी की गिरावट आई। इससे वैश्विक निवेशक जोखिम लेने से कतरा सकते हैं, जिसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ेगा। इस बीच घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर होगी। सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर महीने की खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) और 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करेगी। इन आंकड़ों से भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी मौद्रिक नीति का रुख स्पष्ट हो सकता है। इसके अलावा, निवेशकों की निगाहें इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर टिकी होंगी। साथ ही, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजे भी बाजार की चाल में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वैश्विक स्तर पर, 14 अक्टूबर को फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पावेल का भाषण निवेशकों के लिए खास रहेगा। उनकी टिप्पणियों से ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को लेकर फेड की रणनीति का संकेत मिल सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1.59 फीसदी और एनएसई निफ्टी में 1.57 फीसदी की तेजी रही, लेकिन आने वाला सप्ताह अस्थिरता और सतर्कता से भरा रह सकता है। विश्लेषकों ने सलाह दी है कि निवेशक इस सप्ताह सतर्क रणनीति अपनाएं और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर करीबी नजर बनाए रखें।

# भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश

## 125 जीडब्ल्यू सौर क्षमता के साथ जापान को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार भारत अब 125 गीगावाट (जीडब्ल्यू) स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने जापान (96 जीडब्ल्यू) को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2025 के अंत तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 192 जीडब्ल्यू तक पहुंच गई है। इसमें सौर, पवन, बायोमास और जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक यह क्षमता 500 जीडब्ल्यू तक पहुंच जाए। 2025 में भारत ने केवल अप्रैल से सितंबर के बीच 25 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। इसमें 21.7 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा और 3.09 जीडब्ल्यू पवन ऊर्जा



शामिल है। जुलाई 2025 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119.02 जीडब्ल्यू थी, जिसमें से 90.99 जीडब्ल्यू जमीन आधारित सौर संयंत्रों और 19.88 जीडब्ल्यू रूफटॉप सिस्टम से आई है। वहीं तापीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई है। अब देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 485 जीडब्ल्यू है, जिसमें तापीय (कोयला व गैस) बिजली सिर्फ 49.9 फीसदी रह गई है। 2015 में यह आंकड़ा 70 फीसदी था। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जो भारत के हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है। इंटरनेशनल थिंक टैंक एम्बर के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन में 17 टेरावाट-घंटे की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। यह परिवर्तन भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है।

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से आठ का मार्केट कैप 1.94 लाख करोड़ बढ़ा

### टीसीएस, भारती एयरटेल और रिलायंस में बढ़त, एचयूएल व एलआईसी को नुकसान

**मुंबई।** बीते सप्ताह शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़ी लाभ में रहने वाली कंपनी रही। सप्ताह भर में बीएसई सेंसेक्स 1,293.65 अंक की छलांग लगाकर बंद हुआ। इसी बढ़त का असर देश की प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप पर भी पड़ा। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 45,678.35 करोड़ बढ़कर 10,95,701.62 करोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद इन्फोसिस को 28,125.29 करोड़ का लाभ हुआ, जिससे उसका मार्केट कैप



6,29,080.22 करोड़ हो गया। एचडीएफसी बैंक ने भी 25,135.62 करोड़ की बढ़त दर्ज की और उसका मूल्यांकन 15,07,025.19 करोड़ तक पहुंच गया। इसी तरह भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 25,089.27 करोड़ बढ़कर 11,05,980.35 करोड़ हो गया। अन्य लाभ में रहने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (25,035.08 करोड़ की बढ़त), बजाज फाइनेंस (21,187.56 करोड़), भारतीय स्टेट बैंक (12,645.94 करोड़) और आईसीआईसीआई बैंक (11,251.62 करोड़) शामिल हैं। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार हैसियत में गिरावट दर्ज की गई। एचयूएल का मार्केट कैप 3,571.37 करोड़ घटकर 5,94,235.13 करोड़ रह गया, जबकि एलआईसी को 4,648.88 करोड़ की गिरावट के साथ 5,67,858.29 करोड़ पर संतोष करना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज 18.70 लाख करोड़ के बाजार मूल्यांकन के साथ अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का स्थान है।

# किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## हजारों की संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर भावांतर योजना के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

भोपाल (स्वतंत्र मत)

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लागू की गई भावांतर योजना के लिए इंदौर जिले के देपालपुर और उज्जैन के किसानों ने रविवार को भव्य ट्रैक्टर रैली निकालकर राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना। ट्रैक्टर रैली में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इंदौर के सुपर कॉरिडोर में एकत्रित हुए, जहां मुख्यमंत्री डॉ यादव का किसानों के हित में लिये गये निर्णय के लिये आभार व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव श्योपुर जिले से किसान रैली में वर्चुअली शामिल हुए और किसानों के स्नेहपूर्ण आभार प्रदर्शन के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भावांतर योजना के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले। बाजार में यदि दाम घटते भी हैं तो



सरकार किसानों की आय में कोई कमी नहीं आने देगी। किसानों के चेहरे पर लौटती मुस्कान हमारे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

### भावांतर योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का है कवच

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज इंदौर में चारों तरफ ट्रैक्टर नजर आ रहे है। अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर माता अहिल्या की नगरी को धन्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। सिंचाई, बीज, खाद, भंडारण और विपणन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे कृषि एक लाभकारी व्यवसाय बन सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भावांतर योजना केवल एक भुगतान व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा का कवच है।

### किसानों को उनकी मेहनत और हक का दिलाया जायेगा पूरा पैसा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि सोयाबीन के एमएसपी दर में 500 रूपये की वृद्धि कर 5328 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिये पूरे प्रदेश में लगभग 1700 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें अब तक 5 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल का पंजीयन कराया है। अकेले इंदौर जिले में ही अब तक 35 हजार से अधिक किसानों ने सोयाबीन फसल के लिये अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रखी गई है। किसानों को फसल बेचने के 15 दिवस के भीतर राशि वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी किसानों को उनकी मेहनत और हक का पूरा पैसा दिया जायेगा। मुझे गर्व है कि किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और खुश हैं।

### भावांतर योजना पर किसानों ने जताया हर्ष

ट्रेक्टर रैली में शामिल किसानों ने बताया कि भावांतर योजना से उन्हें फसलों के घटते बाजार मूल्य से बड़ी राहत मिली है। उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त होगा और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। भावांतर योजना से अब वे फसलों को औने.पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर नहीं हैं। मंडी में बिक्री के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली भावांतर राशि उनकी आर्थिक स्थिति को मज़बूती प्रदान करेगी।

# बहनों के कल्याण और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

### मुख्यमंत्री ने श्योपुर में एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में डाली लाड़ली बना योजना की 29वीं किस्त



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के कल्याण और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाईदूज और दीपावली का अवसर बहनों के लिए योजना की राशि में वृद्धि की सौगत के रूप में आएगा। आगे से बहनों को 1500 रुपए प्रतिमाह राशि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में हित लाभ भी वितरित किए। साथ ही श्योपुर जिले के पर्यटन पर केन्द्रित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव श्योपुर में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बना योजना की 29वीं किस्त की 1541 करोड़ की राशि का अंतरण कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अंतर्राज्यीय परियोजना पार्वती.काली.सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजना का लाभ श्योपुर अंचल के किसान भाइयों को प्राप्त होगा। निकट भविष्य में यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ देगा। मध्यप्रदेश सरकार अन्नदाताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

गेहूँ पर 2600 रुपए प्रति क्विंटल और बोनस राशि की व्यवस्था की गईए वहीं भावांतर जैसी योजनाएं किसानों के आर्थिक हित संवर्धन के लिए लागू की गई हैं। श्योपुर जिले के मेला ग्राउंड पर हुए भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 532 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**श्योपुर के लिए बड़ी सौगात है मेडिकल कॉलेज और ब्रॉड गेज रेल लाइन**-मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा किसानए युवा और गरीब तबके के लोगों का कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। श्योपुर अंचल को मेडिकल कॉलेज के रूप में बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वर्ष 1956 में मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। वर्ष 2002 और 03 तक प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे।

वर्तमान में प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 32 है। यह प्रदेश सरकार की विशिष्ट कार्यशैली का परिणाम है। बीते एक वर्ष में 8 मेडिकल कॉलेज स्थापित हुए हैं। अब श्योपुर में स्थानीय युवक चिकित्सा शिक्षा पढ़ेंगे और एक नई दुनिया का प्रारंभ करेंगे। शीघ्र ही नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज भी बनाए जाएंगे। श्योपुर अंचल में रोजगार बढ़ाने वाले सभी कार्य किये जायेंगे। ब्रॉड गेज रेल लाइन की सौगात से भी इस क्षेत्र के विकास के द्वार खुलेंगे।

# सूचना के अधिकार को सूचना रोकने के अधिकार में किया जा रहा है तब्दील



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में सूचना का अधिकार अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भोपाल (शहर) प्रवीण सक्सेना, आरटीआई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुनीत टंडन, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मिथुन अहिरवार ने उपस्थित होकर प्रेस को संबोधित किया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार और श्रीमती सोनिया गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में 12 अक्टूबर 2005 को ऐतिहासिक सूचना का अधिकार अधिनियम अस्तित्व में आया। यह यूपीए सरकार के अधिकार-आधारित एजेंडा की पहली कड़ी थी, जिसमें मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भूमि कॉन्फ्रेंस अधिग्रहण में उचित मुआवज़ा का अधिकार अधिनियम (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) शामिल थे इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों के पास मौजूद जानकारी तक पहुँच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना था, ताकि शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन सके। आरटीआई समाज के सबसे हाशिए पर बसे लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है। इसने नागरिकों को उनके हक जैसे राशन, समय पर पेंशन, बकाया मज़दूरी और छात्रवृत्तियाँ दिलाने में मदद की है। इसने सुनिश्चित किया कि सबसे गरीब व्यक्ति को जीवन की बुनियादी ज़रूरतों से वंचित न किया जाए।

# सतरिया में कुशवाहा समाज के व्यक्ति के साथ हुई अमानवीय घटना

### कुशवाहा समाज एवं बहुजन समाज में गहरा आक्रोश

**दमोह।** जिले के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सतरिया में घटित एक अमानवीय एवं तालिबानी कृत्य ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ग्राम के सीधे-साधे व्यक्ति परसोत्तम पटेल कुशवाहा के साथ कुछ दबंग जाति विशेष के लोगों ने 10 अक्टूबर शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से अपमानजनक व्यवहार किया। उन्हें पैर धुलवाकर वह पानी पीने के लिए मजबूर किया गया तथा 5100 का अर्थदंड जबरन वसूला गया। घटना का वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया



जिससे कुशवाहा समाज, ओबीसी, एससी, एसटी एवं समस्त बहुजन समाज की भावनाओं को गहरा ठेस पहुंची है। आरोपियों के खिलाफ गंभीर और लंबित आरोप अतिरिक्त आरोप व मांगे। कुशवाहा समाज संगठन जमीनी जांच के आधार पर यह बताता है कि घटना में नामज़द आरोपियों जिनमें अनुज उर्फ अज्जू पांडे, अखिलेश पाठक, कमलेश पांडे, बृजेश पांडे, अभिषेक पांडे, गोकल दुबे इत्यादि का क्रिमिनल बैकग्राउंड है। अवैध शराब माफिया के रूप में सक्रिय हैं तथा द्वितीय श्रेणी के आपराधिक/अपराधी काम चलाते हैं। इनके विरुद्ध अनेक पूर्व में दर्ज मामले हैं, परंतु वे प्रभाव का उपयोग कर बचते रहे हैं, इन लोगों पर वन तथा राजस्व क्षेत्र से अवैध खनन/उत्खनन के गंभीर आरोप हैं। इनके पास अवैध कब्जे हैं और कई स्थानों पर अवैध रूप से खनन/ढुलाई आदि कर के स्थानीय संसाधनों व जमीनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसे लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया एवं आरोपियों के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की जाए। ज्ञापन के दौरान सभी वर्गों लोगों में कुशवाहा समाज से जिला सचिव डालचंद कुशवाहा राघवेंद्र कुशवाहा लोधी समाज से दृगपाल लोधी वीर सिंह कुशवाहा चरण सिंह कुशवाहा सतरीया सरपंच प्रतिनिधि उत्तम कुशवाहा नंदकिशोर कुशवाहा शोभा कुशवाहा रतन कुशवाहा अजय जाटव कोमल अहीरवाल प्रताप कुशवाहा शिव शंकर कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा युवा अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, द्वारका कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, सरपंच मराहार शिव शंकर कुशवाहा उपस्थित थे।



# कियोस्क से बीस हजार निकाले

### महिला को दिए सिर्फ दस हजार, थाने पहुंची महिला

**हटा।** महिला ने हटा थाना पहुंचकर टीआई को घटना से अवगत कराया है। रेखा पति गयादीन साहू पुलिस थाने पहुंची और बताया कि कियोस्क में खाते से राशि निकालने गई थी और बीस हजार निकालने अंगूठा लगाया था लेकिन उसे दस हजार ही दिए गए। जब संचालक को शिकायत की तो दस हजार खाते में डालने का आश्वाशन दिया था किंतु अब वह फोन भी नहीं उठाता और कियोस्क में मिलता भी नहीं।

# करवा चौथ पर पति-पत्नी में विवाद

### पति ने पत्नी को पीटा तो सालों ने की जीजा की धुनाई

हटा (स्वतंत्र मत)

हटा थाना क्षेत्र के रोंसरा गांव में एक पत्नी के लिए करवा चौथ का व्रत भारी पड़ गया। पति द्वारा पत्नी से करवा चौथ पर ससुराल से सामान न आने की बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो पति लक्ष्मण सिंह ने अपनी पत्नी आरती सिंह की पिटाई कर



दी। घटना में घायल पत्नी आरती को इलाज कराने अस्पताल ले गया। इधर बहिन के साथ पिटाई और विवाद की खबर उसके भाइयों को लगी तो दोनों सालों ने जीजा की पिटाई कर दी और जीजा और सालों में जमकर विवाद हुआ। मामला हटा थाने पहुंचा पीड़ित पति लक्ष्मण लोधी ने अपनी पत्नी और दोनों सालों बली और लक्ष्मण पर आरोप लगाए।

वहीं घायल पत्नी आरती लोधी का कहना है कि उसका पति शराब के नशे में था और मारपीट की। मेरे भाइयों पर झूठे आरोप लगाए जा रहे। पति को उनके पिता यानी मेरे ससुर ने मारा है। मामले में हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय का कहना है कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट लेख कराई गई है। मामले की जांच जारी है।



### मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**दमोह।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर दमोह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राम यादव, गुड्डू यादव, राजेन्द्र यादव, महंत यादव, दिनेश यादव, भगवानदास यादव, रविशंकर यादव सहित अन्य समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जी ने सदैव किसानों, मजदूरों, नौजवानों और समाज के अंतिम व्यक्ति के हित में संघर्ष किया।



# मतदाता सूची में सुधार के लिए कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

दमोह (स्वतंत्र मत)

विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले को उठाकर वोट चोर गद्दी छोड़ नाम से बयान बाजी कर रहे हैं। इसी विषय को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर दमोह जिले में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस से आए पर्यवेक्षक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान को वह पूरे प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है। लोकतंत्र को बचाने कांग्रेस इस आंदोलन को आगे बढ़ा रही है। दमोह जिले में भी लगभग 50000 हस्ताक्षर का लक्ष्य रखा गया है जिसे 15 तारीख तक पूर्ण कर संपूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने प्रदेश सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी पर मनमानी और बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में दमोह जिले में भी अनेक नाम दो.दो बार जोड़े गए हैं। एक सर्वे में उन्होंने बताया कि दमोह जिले की विधानसभा में उनके अनुसार हजारों की संख्या में मतदाताओं के नाम दोबार जुड़े हैं। टोरी ग्राम में एक ही परिवार के पते पर 18-18 नाम उन्होंने खुद मतदाता सूची में देखे हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। जब चुनाव की बात आती है तो यही नेता पूरे क्षेत्र को अपना परिवार मानते हैं। चुनाव होने के बाद वह केवल अपने परिवार की बात करते है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनु मिश्रा गीता सिंह के अलावा अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लायंस क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)

आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इसी दिशा में जन जागरूकता बढ़ाने के उपदेश से लायंस क्लब द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें दिल्ली से जाने-माने मनो चिकित्सक मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। वे मानसिक तनाव के कारण, उनके दुष्प्रभावों तथा उनसे निपटने के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डालेंगे। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, अभिभावकों को नई पीढ़ी और शिक्षकों से, बुजुर्गों को बदलते परिवेश से,युवाओं को और स्वतंत्रता की इच्छा से, प्रौढ़ व्यक्तियों को पारिवारिक जिम्मेवारियों से और महिलाओं को घर और समाज से तालमेल के अधूरेपन के कारण तनाव बढ़ रहा है इसीलिए कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों, महिलाओं, बुजुर्गों आदि सभी वर्ग के लिए आमंत्रित किया गया है। मानसिक स्वास्थ्य हमारा अमूल्य धन है जो जीवन की हर चरण में महत्वपूर्ण है।

# विकसित भारत विल्डाथोन के लिये प्रदेश के चार स्कूलों का चयन

## आज 13 अक्टूबर को आत्मनिर्भर भारत थीम पर तैयार होंगे प्रोजेक्ट

भोपाल (स्वतंत्र मत)

भारत विल्डाथोन.2025 के लिए मध्यप्रदेश के 4 स्कूलों को चयन स्पॉटलाइट स्कूलों के रूप में किया गया है। जिन स्कूलों का चयन किया गया हैए उनमें शासकीय कमला नेहरू-सांदीपनि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर भोपाल, शासकीय सुभाष उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल, शासकीय सांदीपनि विद्यालय रतलाम, शासकीय सांदीपनि विद्यालय नौगांव जिला छतरपुर शामिल हैं। इस कार्यक्रम के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।



इन विद्यालयों के द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 तक स्वदेशी, लोकल फॉरर वोकल, आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध भारत की थीम पर प्रोजेक्ट तैयार किए जाएंगे। इन विद्यालयों से केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान नई दिल्ली से वर्चुअली जुड़कर चर्चा करेंगे। यह स्पॉटलाइट विद्यालय प्रदेश के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का केंद्र होंगे तथा 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के 15 हजार से अधिक विद्यालय इस आयोजन में सहभागिता कर रहे हैं। इन सभी विद्यालयों के द्वारा 13 से 31 अक्टूबर के मध्य चार थीमों पर प्रोजेक्टध्प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे। तैयार किये गये प्रोजेक्ट को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अपलोड किये गये प्रोजेक्ट का मूल्यांकन केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जायेगा। मूल्यांकन के बाद उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पुरस्कार के लिये चयनित विद्यालयों को एक करोड़ रूपए के पुरस्कार वितरित किये जाने का निर्णय लिया है। विकसित भारत बिल्डाथोन.2025 में देश के करीब 3 लाख स्कूल सहभागिता कर रहे हैं। प्रत्येक स्कूल में 4 शिक्षकों की टीम भी तैयार की गई है। शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर प्रोजेक्ट तैयार करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों की प्रतिभा को सामने लाना है।



# हितकारिणी के छात्रों ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

### हितकारिणी महोत्सव के अंतर्गत रानीताल स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महोत्सव के अंतर्गत रानीताल स्टेडियम में रविवार को हितकारिणी विद्यालय एवं महाविद्यालय की बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि समर सिंह गायकवाड रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजय बघेल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जयेश सिंह राठौर रहे। हितकारिणी सभा द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रानी ताल स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में किया गया। जहां छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। विद्यालय स्तर पर बालक वर्ग में हितकारिणी गोरखपुर की टीम विजेता रही। जिसमें शुभम गिरी, देव सोनी तथा केशव विश्वकर्मा खिलाड़ी रहे। उपविजेता हितकारिणी गोविंदगंज की टीम रही। जिसमें कृष्णा साहू, सोमिल तिवारी तथा श्रेया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । इसी प्रकार बालिका वर्ग में हितकारिणी गोविंदगंज की टीम विजेता घोषित की गई। गोविंदगंज टीम की ओर से सानिया, अनुश्री तथा आदित्य विश्वकर्मा में भाग लिया और उपविजेता टीम बीएमडी दीक्षितपुरा रही। जिसमें जानकी, प्रधान , खुशबू तथा महक चौरसिया शामिल रही । कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश सिंह, राजेंद्र तिवारी, नरेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, हरीश विश्वकर्मा, विनोद नामदेव तथा कुंज बिहारी आदि का विशेष सहयोग रहा ।



***छात्रों को मेडल, सर्टिफिकेट का वितरण***- कार्यक्रम में गोविंदगंज विद्यालय की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित तथा हितकारिणी सहजपुर के प्राचार्य देवाशीष द्विवेदी उपस्थित रहे। महाविद्यालय स्तर पर पुरुष वर्ग में हितकारिणी लॉ कॉलेज की टीम विजेता रही। जिसमें अमन तिवारी जितेंद्र एवं आदित्य पांडे को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसी प्रकार हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम उपविजेता रही । महाविद्यालय स्तर पर महिला वर्ग में हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज की टीम विजेता घोषित की गई। नर्सिंग कॉलेज की ओर से प्रतीक्षा एवं जायस को सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान किए गए तथा हितकारिणी बीएड कॉलेज की छात्राएं सानिया अर्चना एवं इशिता उपविजेता रही ।

# सीबीआई की टीम ने एसबीआई अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

### लोन की राशि देने के बदले मांगी 10 हजार की रकम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सीबीआई की टीम ने विगत दिन बड़ी कार्यवाही करते हुए सीधी के एक बैंक में पदस्थ अधिकारी को शहर में 10000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बैंक अधिकारी का नाम विकास भारती है, जो कि बैंक में फील्ड ऑफिसर के पद पर है। सीधी निवासी कांतिलाल सोनी की शिकायत पर सीबीआई ने करीब ढ़ाई सौ किलोमीटर दूर जाकर रिश्वतखोर अधिकारी को गिरफ्तार किया है। दरअसल कांतिलाल सोनी ने सीधी जिले के एसबीआई की मानस भवन शाखा में कुछ दिन पहले मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक में उनकी मुलाकात फील्ड ऑफिसर विकास भारती से हुई। दोनों के बीच बातचीत हुई तो फील्ड ऑफिसर ने कांतिलाल को बताया कि आपको सिर्फ 10 लाख रुपए तक ऋण की पात्रता है, इससे ज्यादा नहीं मिल सकता। ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया के लिए



आवश्यक दस्तावेजों सहित अन्य अभिलेख की फोटो कापी और आवेदन पत्र विकास भारती ने ले लिया।

***5 लाख के लोन के बदले मांगी रिश्वत***- कुछ दिन बाद कांतिलाल को पता चला कि उसे 5 लाख रुपए ही लोन स्वीकृत हुआ है। अगले दिन कांतिलाल, फील्ड ऑफिसर से मुलाकात करने बैंक पहुंचे, तो बताया गया कि 5 लाख रुपए का लोन हुआ है, स्वीकृति के एवज में चेक जारी करने के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत लगेगी। कांतिलाल ने देने से मना किया तो चेक देने से मना कर दिया गया, जिसकी शिकायत फरियादी ने जबलपुर सीबीआई कार्यालय विजय नगर में दर्ज करवाई। शिकायत मिलने पर सीबीआई की टीम ने फोन पर दोनों के बीच बातचीत ट्रैप की है। शनिवार की शाम को फील्ड ऑफिसर ने रिश्वत की राशि लेकर कांतिलाल को मिलने के लिए बैंक में बुलाया। जैसे ही कांतिलाल ने फील्ड ऑफिसर को फोन किया वह रिश्वत की रकम लेने के लिए बैंक से निकाल कर बाहर आया।

***रकम रखते ही दबोचा***- इस दौरान फील्ड ऑफिसर कांतिलाल से रिश्वत की राशि लेकर जब में रख रहा था तभी पहले से बाहर खड़े सीबीआई की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने फील्ड ऑफिसर के संबंध में बैंक की शाखा और उसके घर पर जाकर भी जांच की है। रिश्वत से जुड़े ऋण मामले के अभिलेख जब्त किए हैं। छापामारी करने वाले सीबीआई की टीम में डीएसपी एके मिश्रा, यूपी सिंह, राहुल तिवारी, नितेश सिंह एवं अन्य शामिल रहे।

# सड़क हादसे में प्रधान आरक्षक की मृत्यु

### 407 वाहन का दरवाजा खुलने से हुई दुर्घटना

### सिविल लाइन थाने का मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में गोहलपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक 61 वर्षीय रमेश जाटव की मौत हो गई। दुर्घटना डिलाईट टॉकीज के पास हुई, जब वे अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। एक 407 वाहन का दरवाजा अचानक खुलने से वे उससे टकराकर अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल रमेश जाटव को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल ओमेगा अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई गोहलपुर रीतेश पांडे, टीआई ओमती राजपाल बघेल और टीआई सिविल लाइन अनूप नामदेव सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है । प्रधान आरक्षक रमेश जाटव को उनके सहकर्मी एक ईमानदार, शांत स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में जानते थे। उन्होंने कई वर्षों तक पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दीं और अपनी मेहनत तथा अनुशासन के लिए एक विशेष पहचान बनाई थी। सीएसपी सोनू कर्मी ने बताया कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रमेश जाटव के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय मॉर्चुरी में रखा गया है। पुलिस ने 407 वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह 407 गाड़ी की तेज रफ्तार बताई जा रही है ।

## झपट्टा मारकर महिला पटवारी का छीन लिया पर्स

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिविल लाईन थाने में 33 वर्षीय माया मेहरा निवासी नेता कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह जिला सीहोर तहसील दोराहा में पटवारी के पद पर पदस्थ है। विगत दिन अधारताल से ओला बुक करके भोपाल जाने के लिये स्टेशन आ रही थी। बीएसएनएल आफिस हाईकोर्ट के पास पहुंची तो चलती ओला गाड़ी के पीछे बिना नम्बर की बाइक में बैठे 2 अज्ञात लड़के ने उसका हेंड बैग झपटा मारकर छीनकर तेजी से आगे की ओर भाग गये। उसके पर्स में सोने के 2 अंगूठी, 1 चैन, 1 जोडी लटकन, 1 जोड़ी बालियां, नगदी 1 हजार रूपये, आधारकार्ड, आफिस का आईडी कार्ड तथा अन्य सामान रखा था। अज्ञात 2 लड़के मोटरसाइकिल से उसका पर्स झपट कर भाग गये। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।



# बच्चों ने पी 2 बूंद जिंदगी की

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा भी इस मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को आजीवन पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसका पूर्णतः उन्मूलन हर नागरिक का कर्तव्य है। जिससे हर बच्चा पोलियो से सुरक्षित होकर ताउम्र स्वस्थ रह सके।

## सोशल मीडिया पर चमकाया चाकू, पुलिस ने दबोचा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम पर हाथ में चाकू लेकर वीडियो बनाकर अपलोड करने वाले युवक आदित्य राजपूत को रांझी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आदित्य के पास से एक चाकू जप्त किया है। बताया जाता है कि पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्रकरण मामले में आरोपी से इस प्रकार का वीडियो वायरल किए जाने के संबंध में कान पकड़वाकर माफी भी मंगवाई है। इस मामले में थाना प्रभारी रांझी उमेश गोलानी ने बताया की एक युवक द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से चाकू के साथ वीडियो वायरल किया गया था। वीडियो वायरल होने बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, इसी बीच मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दबिश देते हुए आदित्य को पकड़ लिया। सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में इस तरह पोस्ट करने वालों से पुलिस सख्ती से निपट रही है, लेकिन कुछ ऐसी भी जिंदा घटनाएं हैं, जिसमें पुलिस कार्रवाई ठंडी पड़ी हुई है। रांझी पुलिस द्वारा की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमा सहित स्थानीय लोगों में चर्चा है कि 8 दिन पहले घमापुर थाना क्षेत्र में दनादन हुए हवाई फायर के मामले में पुलिस ने कुछ नहीं किया। हवाई फायर का वीडियो भी सोशल मीडिया में चल रहा है।

# भंवरताल गार्डन में कांग्रेसियों ने रखी टिफिन पार्टी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भंवर ताल पार्क में टिफिन पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक लखन घनघोरिया, जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा, वरिष्ट कांग्रेसी मदन तिवारी, प्रभारी राजकुमार खुराना, सतीश उपाध्याय, आलोक मिश्रा, कबीर सोनी, दिनेश यादव, सम्मति सैनी, झल्लेलाल जैन, बाबा रिजवान, नेता प्रतिपक्ष अम्रिश मिश्रा, राजेश सोनकर, मधु सोनकर, अनुराग गढ़वाल, अतुल बाजपेयी, मनीष चन्सौरिया, मुकेश सराफ, आशरफ मन्सूरी, प्रशांत बागडे आदि उपस्थित रहे।

## एमपी ट्रांसको में व्हाट्सएप की जगह अब 'अराताई'

**जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने भारत में निर्मित स्वदेशी मैसेजिंग ऐप अराताई का प्रयोग शुरू कर दिया है। ज़ोहो कॉर्प द्वारा विकसित यह ऐप विदेशी प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप का सुरक्षित और मजबूत विकल्प माना जा रहा है। एमपी ट्रांसको में सबसे पहले शहडोल डिवीजन के कार्यपालन अभियंता चंद्रभान कुशवाहा ने कार्यालयीन संवाद और फाइल शेयरिंग के लिए स्वदेशी अराताई का उपयोग प्रारंभ किया है। उन्होंने बताया कि अराताई पूरी तरह भारत में विकसित सुरक्षित और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है, जिससे विभागीय संवाद को स्वदेशी तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकेगा। इस ऐप में उच्च स्तरीय डेटा सुरक्षा, ग्रुप मैसेजिंग, मल्टी-डिवाइस सपोर्ट और तेज़ फ़ाइल शेयरिंग जैसी सुविधाएं हैं।

# 6271 विद्यार्थियों ने एनएमएमएस चयन परीक्षा में की सहभागिता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा जिला शिक्षा केंद्र ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति योजना चयन परीक्षा जिले के 21 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिले से चयन परीक्षा हेतु शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के वर्तमान में कक्षा आठ में पढ़ने वाले कुल 6710 आवेदन किया था। जिसमें से चयन परीक्षा में कुल 6271 अर्थात् 93.5 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सहभागिता की। ओएमआर शीट पर आधारित भारत सरकार की यह छात्रवृत्ति चयन योजना प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए है इसमें चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नवमी से बारहवीं तक छात्रवृत्ति के रूप में 1000 रुपये प्रतिमाह अर्थात 12000 रुपये प्रतिवर्ष प्राप्त होते हैं । इसके लिए विद्यार्थी का कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक लाना एवं नवमी से बारहवीं तक प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पूरक वाले छात्रों को इसकी पात्रता नहीं होगी। रविवार को आयोजित चयन परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने एमएलबी स्कूल एवं कमला नेहरू स्कूल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने गढ़ा सहशिक्षा स्कूल, एमएलबी स्कूल, करौंदीग्राम स्कूल, गणेशगंज स्कूल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अजय रजक, केपी दुबे, आशीष श्रीवास्तव, डीसी अहिरवार आदि उपस्थित रहे।



# व्यापार को मिलेगी रफ्तार : डुमना एयरपोर्ट पर शुरू होगी कार्गो सेवा

### ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने दी मंजूरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

डुमना एयरपोर्ट से पहली बार कार्गो सेवा शुरू की जा रही है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने इसकी मंजूरी दे दी है।

साथ ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बताया जा रहा है कि पहले चरण में यात्री विमानों से करीब एक टन तक का माल लाया और भेजा जा सकेगा। इस दौरान जैसे जैसे मांग और माल की मात्रा बढ़ेगी, कार्गो विमानों से परिवहन शुरू किया जाएगा। कार्गो विमान सेवा शुरू करने से स्थानीय उद्योगों, किसानों और व्यापारियों को बहुत फायदा होगा। दरअसल, मध्यप्रदेश के जबलपुर से अभी तक ट्रेन के माध्यम से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, कानपुर, आगरा से माल आता है। वहीं प्रयागराज, पटना, लखनऊ, कानपुर, अहमदाबाद शहरों में यहां से माल भेजा जाता है।





***ट्रेन के माध्यम से लग रहा अधि समय***- जबलपुर रेल मंडल के पास 14 एसएलआर और एक लीज कंटेनर है। लेकिन ट्रेन से समय अधिक लगता है, इसके लिए व्यापारी लगातार वैकल्पिक व्यवस्था देख रहे थे, जो कि अब पूरी हो रही है। इंडिगो ने कार्गो विमान शुरू करने की पहल की है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार पुराने टर्मिनल से कार्गो सेवा को संचालित किया जाएगा। इंदौर, मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, बैंगलूर आदि शहरों में माल की आसानी से लाया ले जाया जा सकेगा। शहर में गारमेंट क्लस्टर और आइटी सेक्टर का बड़ा काम है। इसके अलावा कई ऐसी कंपनियां हैं, जो देश के अन्य शहरों और विदेशों तक से सामान बुलवाती हैं। ऐसे में इन कंपनियों को फायदा होगा।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**